Research & Compilation : 15

SUN WORSHIP

REJUVENATION

सूर्योपासना

कायाकल्प

Research & Compilation

Research & Compilation : 15

SUN WORSHIP

Rejuvenation

सूर्योपासना

कायाकल्प



Research & Compilation

RAM SHASTRI

Rashtriya Adhyatmik Punarjagran Abhiyan, India

Publisher :
Rashtriya Adhyatmik Punarjagran Abhiyan,
Spiritual Think Tank of India
National Spiritual Rejuvenation Abhiyan, Charitable Trust,
71, Arya Nagar, Alwar 301001, NCR, Rajasthan, India
+91-9810267700
adhyatmikpunarjagran@gmail.com

Photo - Paintings	: All Courtesy
Editorial Advisor	: Smt. Shubhra Dutt Surolia
English Bhavanuvad Advisor	: Shri Atul Cowshish
Samasodhan	: Dr. Narain Behari Sharma
Guidance :	: Prof. Bharat Bhushan Vidyalankar
	: Acharya Ravi Shankar Shastri Shankaracharya Peeth Pandit

Sincere Thanks for research and reference :
Brahmaleen Jagadguru Shankaracharya Swami Swaroopnand Saraswati, Rajguru Pandit Vidyanath Ojha (Jaipur), Mahant Kailas Nath Yogi, Shri Tipoo Joshi (Jaipur),Mahant Ghanshyam Das (Parashar), Prof. Ila Ghos, Dr. Shyam Sharma, Dr. Sadanand Tripathy, Shri Dharma Veer Panchal Kailasi, Ms Anamika Acharyji, Smt. Sakila Bijoy, Shri P.D. Sharma IITian, Sh. Mahendra Singh, Pandit Ramji Shukla, Ms. Jyotsna Pandey, Shri Vikram Bhardwaj
Shri Tej Karan Jain, Shri Kishor Lal, Shri Amit Goel
Smt. Sudha Shastri
Vikram Samvat 2082

5000 Years Old Surya Devta Mandir, Moolasthan - Multan

5000 वर्ष प्राचीन सूर्य देवता मंदिर : मूलस्थान – मुल्तान



Konark Surya Mandir, Campus
कोर्णाक सूर्य मंदिर, परिसर



Martand Mandir, Kashmir
मार्तण्ड मंदिर, काश्मीर

Madhakher Surya Mandir, Madhya Pradesh
सूर्य मंदिर मढखेरा, मध्य प्रदेश

Sunrays Touch Arasavally Diety For Nine Minutes, Srikakulam
प्रातःकाल सूर्य किरण 9 मिनट सूर्य को स्पर्श करती है : अरासवल्ली, आंध्र

Goalpara Surya Pahad, Assam
गोलपाड़ा सूर्य पहाड़, असम



Surya Gifts Yudhisthar The Akshayapatra
सूर्य द्वारा युधिष्ठिर को अक्षयपात्र उपहार

Modhera Surya Mandir, Gujrat
मोढेरा सूर्य मंदिर, गुजरात



Surya Upasana
सूर्या उपासना



Surya Mandir, Galavrishi Ashram, Jaipur
सूर्य मंदिर, गालवऋषि आश्रम, जयपुर



Katarmal Surya Mandir, Uttarakhand
सूर्य मंदिर, उत्तराखण्ड

Rarest Picture of Konark Sun Temple

सूर्य मंदिर कोर्णाक का दुर्लभ चित्र

Gateway of Gyanganj : A Mysterious Land of Immortals
ज्ञानगंज सिंहद्वार : अमर सिद्धों का क्षेत्र

Divine Siddhashram Gyanganj
दिव्य सिद्धाश्रम ज्ञानगंज



Egyption Sun Temple
मिश्र का सूर्य मंदिर

Egyption Sun God "Ra"
प्राचीन मिश्र के सूर्य देवता ''रा''



Sun Worship : Ancient Sumer
प्राचीन सुमेर में सूर्य उपासना

Sun Statue

सूर्य प्रतिमा

Sun Statue
सूर्य प्रतिमा

Surya & Brahma

सूर्य और ब्रह्म

Surya Devta Sculpture
सूर्य देवता प्रतिमा

Sun Tree, Mandar
सूर्य वृक्ष, मंदार

Rarest Brahmakamal
दुर्लभतम ब्रह्मकमल

Gyanganj Dikshit : Suryavidyavid Swami Vishuddhanand
ज्ञानगंज दीक्षित : सूर्यविद्याविद् स्वामी विशुद्धानन्द



Suryavidyavid Bhaskar Rai
सूर्याविद्याविद् भास्कर राय

Mystic Suryavidya

Surya : Soul of Existence

The deepest and secretive knowledge about the creation of the planets in the Paramvyom skies has been unveiled in the infinitely mysterious ocean of Sanatana Gyan eternal knowledge that is to say, the Vedas. None among the religious texts of the oldest civilizations describes the beginning of the universe. Here, it is important to know the period when the Vedas were written. Where are the instructions of the Mantra Drashta Rishis and Aryas? Sanskrit scholar Dr. Sampoornanand and Hindi scholar Dr. Ramvilas Sharma concluded on the basis of reading the Richas of the Rigved that the Drashta Rishis heard the Mantras in the middle of the great rivers Dwashdwati and Saraswati. That was the ancient land of the Aryas, Bharatvarsha

Jamboodweep. Dr. Sampoornanand determined the Vaidic era as one 39 years before the Chaturyugs. It is true that the Vaidic and the contemporary civilizations are different. The language of the Vaidic poets and Rishis is very deep, expressive, phonetic, coded, cadence, mystic, rhythmic, symbolic, unintelligible, eternal, covert, demostrative, expressionist, ornamental, rhetorical, carryinnendos, suggestive, emblematic, multi-meaning, onomatopoetic, ancient and Sankritise(Sanskranishth). Therefore, it is difficult, if not impossible, to understand the spirit and meaning of the words used by Mantra Drashta poets.

Acharya Yask did research on the meanings of the words in the Vedas and wrote an immortal etymology type treatise. It is surprising that Acharya Yask wrote that the meanings of hundreds of words in the Vedas are not known. There is no English equivalent for many Sanskrit words.

Mantra Drashta Rishis and Rishikayens are at the root of the Vaidic civilization. Rishi has also been addressed as poet and Muni (hermit). Rishi means Praanvan and poet, Muni means introvert, Krantdarshi, highly conscious, one who is intelligent, has seen the inside of the universe etc. Despite being introvert, the poet became Mantra Drashta. The Rigved has 1082 Suktas in all its 10 chapters. The number of Rigved Mantra Rishi-Rishikayon is believed to be 396(Rishika-28).

The Rigved has beautiful descriptions of the universe-sristi, its origin, disclosures on Savita, creation of many Suns, formation of the Earth down to the minutest details. It is the best example of Rachnadharmita. It is incredible that these descriptions pass the test of modern science.

Description of the creation of the Earth and the universe in the Paramvyom or the Great Sky is found in the Hymn of Creation of Rigved, Purush Sukta, Vishwakarma Sukta, Hiranyagarbh Sukta, Prajapati Sukta, Mysterious Sukta of the Earth, the 62^{nd} Sukta in the fifth chapter of Rigved, Asyavamiya Sukta, Martand Utpatti Sukta etc. The word Paramvyom in the Rigved Sukta leads to a mysterious land. That is to say, there is a Great Sky that is not visible like the sky we can see. The Suktas have made it clear that Paramvyom had cosmic oceans of Ap or Aapah (Salil, water). All around there was water till infinity. That was the time when there was neither darkness nor light. Inarticulate became articulate. His will power inspired the universe (Hymn of Creation). Purush Sukta mentions creation of several universes. Vishwakarma Sukta revealed the secret about the origin of Dyavaprithvi. Hiranyagarbh Sukta made it clear that before the beginning of this universe existed Hiranyagarbh Parbrahm Paramatma-supreme being. The 62^{nd} Sukta in the fifth chapter of Rigved Sristikalpkaal has been addressed as Ushakaal. The Sukta is related to the deep knowledge of the atom and energy. The Sukta has declared that Aapah-Jal-Salil-Ap is present inside Dyaulok and the solar system. Maharishi Kulvaaibhavam shows nature spreading across its three forms in the beginning. Shrutis on nature frequently refer to 'Prajapati Rakamyat' (Prajapat expressed the wish to create universe). The Asyavamiya Sukta of Paramyvom has unveiled the secret of the creation of a great universe. During its initial stage, this universe had only one element (very minute form of Aapah) (Aapah-avyakta vyapak sukshma prakriti tattva i.e Varun). It was testing the pre-existing stage of the great universe. The universe has seven Lokas—Bhu, Bhurve, Swah, Janah, Tapah, Mahah and Truth-Satyam. The great universe has been called Kamdugha in

the Sukta. Its Vats (son) is Pranroop Sun. Asyavamiya Sukta has described the letters in Paramvyom as destructive. Aditi is Akhand Akshya Energy. It may be remembered that 'zero' was discovered by the Mantra Drashta Rishi Dirghatama of Asyavamiya Sukta. The Sukta of Maharishi Dirghatama mentions the sound of 'Om' reverberating in Paramvyom. The sweet sound of 'Om' echoed in Adisurya Savita leading to the birth of the solar system and universe. The Sukta says that the Go-roopi Akshya is energy. Beyond the curtain of mist or nebula is located Brahmalok or Go-Lok of the universe of energy. With the help of the power of gods like Agni and others Savita Devta created the complete universe delivered through a Niharika(Nebula)-like furnace. Matter was created with the help of the creative power of the basic elements of the nature and the energy in the universe. The Sun was formed by the rays of the centre of the Nebula. The stars shining in the four directions surrounding the Paramvyom are Suns. These Suns have come out from the centre of galaxy. Our Sun is one of the Suns in the great ocean of this energy. Our Sun has been emitting light for six billion years without any loss of its energy.

The 72nd Sukta in the 10th chapter of Rigved refers to infinite stores of energy and power in even the smallest part of Sinhagarjana. The beginning of the universe is the collection of nature's energy and equilibrium. Vyomvad of the Veda has Paramvyoman and Aparvyoman. Paramvyoman is Amrit Devayoni where are born all the Devas. Their place is Dyau, Paramvyoman Parmesthi presents itself in the minutest Chaitanya-Cosmic consciousness form. This Chaitanya is the rich storehouse of divine light and infinite energy. Transformation of Parmesthi from invisible to visible form gives way to the birth of the greater universe, solar systems and many Suns. The Ved is

the first and the last Brahmvidya text of Sanatan Gyan-eternal knowledge which announced the existence of many Suns in the universe. The contemporary science acknowledged this fact only in the 20th century.

The Sukta of Parmesthi Jyeshtha Brahm can be found from Rigved to Atharvaved. Accounts of god Savita appearing after the first rays of Divya light breaking out of Paramvyom are found in the Veda. Savita has been called 'Adisurya'. The literal meaning of Surya and Savita is child delivery-Prasavita and creating something new. The Martand Utpatti Sukta has a poetic description of the birth of the eighth Martand Sun. The energy from Sun god has been described as the great ocean of continuous source of fresh energy. Mantra Drashta Rishis have clearly stated that the essence of Ap-Apah (water) in the Sun is burning effect. Scientifically, water is a combination of hydrogen and oxygen. The helium gas produced by hydrogen, the Sartattva of water, is burning in the Sun. Therefore, the Rishis of the Vedas were extraordinary, incomparable scientists.

According to the 72nd Sukta of the eighth chapter of Rigved, Parmesthi has stored a treasure of unlimited energy in the Sun. Vaidic Rishis Vashistha and Bharadwaj obtained the secret of solar energy after a great deal of study. The Vedas have used the term 'Saurya Dharma' for solar energy. Rigved says that seven types of energy (Saptpadi) can be obtained from Sun rays. This energy includes both Anna (Ish) and Urja. The Richas of Rigved and Yajurved inform us that electro-magnetic flow, radiation runs through Sun rays. Rigved has describes the existence of some Black Holes in the solar system: 'Suryasya Chakshu Rahsaityavartam' (Rigved 1.164.14). The solar system

is held by the pulling power of the Sun: 'Suryane Uttabhitta Dyau' (Rigved 10.85.1)

The 88th Sukta of the 10th chapter of Rigved throws light on the relation between the Sun and Vaishvanar. Vaishvanar Agni is working in Hiranyagarbh. This Vaishvanar fire keeps the Sun active. The Sun has the intensity of the Paramatma. The vigour of Paramatma becomes Vaishvanar fire in Hiranyagarbh. This is everlasting. It is prepared by Yajna performing gods. Yajna is creation of the universe. That is to say, the divine fire in its own mysterious ways creates the sky, the Earth and the outer space with its power. Vaishvanar fire is for the entire solar system. It was spread by the Apas of the Sun. The first word in the first Sukta in the first chapter of Rigved is Agni (fire).

In Vaidic language, the fire in the Suns is located in the three worlds. Samisht is called 'Nar'. So, Vaishvanar means the energy found in the whole of world. The three places of birth of Agni (fire) are Dyaulok, Bhulok and Samudra (sea, cosmic oceans). Agni is omnipresent, its energy is universal, it has plutonic energy, nucleus of the energy of all the Lokas; it has electrons, protons, neutrons, magnetic power and natural energy. Agni has four types of power—praying power, Yaju Shakti (being active), Sam Shakti (power of music) and Atharva Shakti (power of science). The four types of power are about Adhibhautik Shakti (metaphysical conception), Adhidaivik (ephemeral), spiritual and basic power. This is to say that it is possible to create and destroy every matter.

Rigved has described Agni as Vidyudarath: 'Vidyuarath Sahasputron Agni'. (Rigved 3.14.1). Rigved says that with its illumination, Agni lights up the Dyaulok and the Earth. Agni has been called the giver of life (Jeev-Peet-Sarga). Jeev-Peet-Sarga

means human beings drinking water to create a new universe. According to Rigved, the whirling of air produces Agni (electricity): 'Mathid Yadin Vibhrato Matrishva'. (Rigved 1.71.4). Yajurved has called the Sun and the Fire as the custodians of treasure. Agni has the power of transmission: 'Vishvasya Dutam Amritam. Sa Drutvrat Swahutah (Yajurved 15.33.44). From the point of life science, Agni is an automatic nervous system. Yajurved has equated Agni with an infinite ocean of energy: 'Suno Sahas Urja Pate (Rigved 8.19.7).

Maharishi Angira broke the hardest mountain with the help of the Brahm power of the word. Yajurved informs us that fire can smash the hardest rock. 'Veedu Chiddrim Abhinat Parayan—Agnim' (Yajurved 12.23).

From the spiritual point of view, Agni is a Chitta Tattva. Savita Devta (Sun) is divine Chetna. The Mantra in the Gayatri verse of Savita Devta has a prayer for imparting knowledge and energy. According to the Vedas, our Sun goes round King Varun in the sky. According to the Mantras in the third Sukta of the 18th chapter of Atharvaved, the Earth was born from the Sun: 'Bahuchyuta Prithvi Dhamivopari' (Atharvaved 18.3.25-35). Yajurved says that the secret of the brightness of the Sun is due to the constant change in the outer breath: 'Anatashcharit Rochnasya Pranadpanti' (Yajurved 3.7).

Vedas have described at length the presence of wavelength and frequency, radiation, heat, electro-magnetic flow, ultraviolet rays, Avarakttata, light diffusion, corpuscles, spectrum, solar energy, medicinal power etc in the rays of the Sun. The Mantras in the Vedas about Savita Devta, Surya Devta, Agni Devta etc transport us to a mysterious land. The Veda Mantras have clearly stated that because of the iron like jaw, Surya Devta

recites 'Om' in a very low tone. His mouth cannot open very wide. Western scholars have called it gossip. Later, NASA in America released the sound emitted by the Sun. It tallies with the description of the sound in the Vedas. That shows that the 39 lakh-year-old Vedas are the base of this modern neuclear science correct.

The Vaidic era Rishis had deep knowledge of the power of infinite energy of Savita Devta and Surya Devta. It helped in the creation of Suryaastra. Because of its immense destructive power, information about Suryaastra was kept a secret. The secret power of Sun rays was revealed by Mahamuni Bhardwaj.
Here, it is important to point out that according to the Vedas, the universe-sristi was created with Agni and Som. In the Vedas, the basis of the power of the Sun or Aditya is the Som element: 'Somain Aditya Balin'. (Atharvaved 14.12). Shakti Chetana is at the root of Jyoti, the motivating power of the world. In this context, the Sun has been called the soul of creation: 'Surya Atma Jagatastadhush Shch' (Rigved 1.115.1). In other words, life on Earth exists due to the Sun. Yajurved has said that the Earth and the Sun are always revolving: 'Samavvarti Prithvi Samusha Samu Surya/ Samu Vishwamind Jagat'. (Yajurved 20.23). The fourth Mantra in the 139th Sukta of the 10th chapter of Rigved says that Indra saw the circumference of the Sun from four directions. That was possible because of Yogdrishti and Sadhana: 'Indra Pari Sauryasya Paridhin Apashyat'. (Rigved 10.139.4)

The Vedas have said that Raja Varun made road for the Sun. Varun creates road where there is nothing to walk on: 'Urun Hi Raja Varunshchqakar Suryay Panthamanvetva U. Apde Pada Pratighatvek'. (Rigved 1.24.8) Surya needs the help of Varun for

all activities. The Vedas believe that the human Pind or And and Brahmand(cosmos) are identical. The Vedas also reveal the presence of Vaidic Devtas inside the human body. According to the Vedas, the Sun is located near the navel and the human Brahmarandhra or Sahsrar. The third Sukta of the first chapter of Atharvaved asks Aditya Devas to keep living inside the human beings. Vishwa Deva Vasva Rakshatammutaditya Jagrat Yumastin'. The ritual of inner purification in Atharvaved includes prayers for all the five Devas of Shudhi. These five gods are Sun, Moon, Fire, Air and Water. Their respective powers are light, mildness, burning, speed and peace. The Vedas have compared the Sun with Netrajyoti. From the biological point of view, the Sun is related to the Kriyatantus -chief subsidiary motor center, ganglion of the brain. The Sun controls the human Kriyatantras (external nerves). The seven Ashvas of the Sun are the seven Kriyatantras of the human body. They originate from the main cells of knowledge in the brain. With the help of the seven senses (motor nerves)--two eyes, two nose passages, two ears and the tongue—the Sun collects information about the universe and decides to activate the appropriate nervous system. The description of the Sun in the Vedas is unique.

Atharvaved has termed Virat Brahm as a form of energy. The Sun received its first energy from this source of infinite energy. The Vedas have repeatedly called Savita Devta and Surya Deva as creators.

Seven names of the Sun have been mentioned-Arog, Bhraj, Patar, Patang, Svarnar, Jyotishman and Vibhas (Traitiya Aranayak 1.7.1). But in Atharvaved, the central Sun is known as Kashyap and Aditya, the son of Devmata Aditi. Adisurya is related to Savita and the Surya Sukta of Guhya Brahmvidya.

Aitreya Brahman and Gopath Brahman had declared that Sun neither rises nor sets. It is correct from the point of the Shastras: 'Sa Va Aishan (Adityah) Na Kadachanastmeti, Nodeti'. (Aitreya Brahman 3.44). 'Sa Va Aish (Aditya) Na Kadachanastmayati, Nodeti'. (Gopath Brahman 2.4.10). Setting of the Sun means 'Pralay' (Holocaust).

The Rishis have compared the Sunrays with the matted hair of Maharudra Shiv. One of the names of Shasta Rudra of Vaidic Devas and many names of the Sun is 'Divovarah' (boar of the sky). After the holocaust brought on the Earth by water Divovarah appeared with intense fiery rays. As a result, the water on the Earth evaporated and the Earth re-emerged. This was the basis for belief in the reincarnation of 'Varah'. The Vedas have made it clear that the clouds were formed by the vapours. The clouds acquired properties of electro-magnetic rays of the Sun, electric current present in the sky, radiation, Tarangdharya-wavelength and frequency, oscillation, charged particles corpuscles, heat, electricity etc. This proves that the Vaidic Rishis were top class scientists.

Generally speaking, Savita is regarded as the Sun. Savita Devta is different from the Sun. According to Rigved Savita Dev arrives in a Hiranamya Sun chariot: 'Hiranyen Savita Rathhen Devo Yati Bhuvnani Pashyan'. (Rigved 1.35.2). The Vedas have also described Savita Devta as the treasure house of Martya food distribution: 'Marta Bhojanmadh Raste Na'. (Rigved 7.45.3). 'Anarbhayo Marta Bhejanan Suvanah' (Rigved 7.38.2). It means that Savita produces food for human beings. Martya food is considered useful for the Marnadharma body. The Savita Dev emits the brightness of the Sun, the Moon and light, the intensity of the fire and Jyotis of Nakshtradi. Savita Devta has

also been called ‘Asur’ (demon) in the Vedas. Here, the meaning of ‘Asur’ is universal wisdom, life, prosperous, great hero powerful etc. The Vedas have frequently addressed the Devas as ‘Asur’. Savita Devta is the motivator of intellect, teaching of ‘Honey Knowledge-(Madhu Vidya)’, the provider of Sri(prosperity, success, happiness, wealth, luster, trivarga, beauty, splendour, illustrious, good fortune, auspicious, meritorious, eternal knowledgeable, pride), Mantra chanting, omniscience and a frontline fighter. Yajurved has said that Savita enlightens the brainpower. It illuminates the world and the outer space. It offers a place for the body (Shatpath Brahman 13.8.25;3.3).

Atharvaved has said that Savita Devta is a provider of extraordinary Siddhis(supernatural powers-magical capability). Savita is the motivational force for the minutest atoms as well as the biggest objects. In due course came the era of Savita Savitri. Rigved has spoken of three Dyauloks as the residential places of Savita. Savita Devta motivates not just the humans but also the gods. The universe is motivated by Dyaulok. The brain is the motivational force in human body. The brain controls all the activities of the entire body: Cerebrum, pons cerebrum and medulla oblongata. The three Dyauloks mentioned in Rigved are Udvanti, Pilumati and Pradau. The three Loks are Earth, Outer Space and Heaven (Dyaulok). The three Rochanas are Fire, Electric current and the Sun. The three Earths are Annamaya, Pranmaya and Manomaya. (Rigved4.43.5). According to Rigved the working skill of the human beings springs from Savita Devta. The Savitra power surfaces after surrendering to Savita: ‘Madhyakartoanaryadhat Shakmadhir’. (Rigved 1.35.4).

From Rigved to Atharvaved, Savita Devta and Surya Devta are described as providers of spiritual, over-physical, over-divinely and physical powers. Savita and Surya provide spiritual and physical comfort, Shri, prosperity, wealth, joy, good health, commercial success, relief from debt, boosting Medha Buddhi etc. Rigved has Richas that tell about the Sun providing relief from diseases and transformation of total body. The Vedas have the minutest descriptions of the physical powers of Sunrays. Brahman texts, Aranyakas, Tantra, Purana and Upnishad have elaborate details on the elusive Savita and the Sun. Upnishads have given the details of the physical and spiritual dimensions of Savita Devta, Arun and the Sun. Among the five Devas, Surya Atharvashirsh Surya Dev is declared Parbraham. Suryavidya Savitravidya has been kept as the deepest mystery. Maharishi Agastya sighted the 12 Suryas in the universe. Before that the Vaidic era Rishis had travelled across eight Suns. In the Treetayug, Maharishi Agastya appeared before the beginning of the great battle between Lankeshwar Dashanan Ravana and Prince Ram, son of the Ayodhyapati Maharaja Dashrath. Maharishi Agastya revealed to Shriram the secret of everlasting energy, 'Shriadityamhridayam Dwara'. Adityahridayam discloses the secret method of how to direct the solar laser beam at the Amritkund located at the navel of Lankeshwar Dashanan Ravana. It is a hymn that opens the doors to the secrets of Suryavidya. For this to happen it is necessary to examine and do research on the Suktas of Savita Devta and Surya Devta in Rigved, Yajurved and Atharvaved.

Accounts of travel by air on Earth, inter-planetary movement and space odyssey existed in the Vaidic era. Bhardwaj Mahamuni compiled "Anshubodhani Shastra" on aeronautic (space) science etc in "Yantra Sarvasva". The Guyhagyan mystic

knowledge on diffusion of Sunrays and the presence in it of infinite energy is enshrined in the rare text Anshubodhani Shastra. It is understood that defence research scholars in many countries are engaged in deciphering the Guhyagyan contained in the Anshubodhani Shastra. According to the aeronautic (space) science, inter-planetary space travel was made possible with solar energy. Maharishi Bhardwaj wrote about Suryavidya in a subtle language using short Mantras. Later, these Mantras were presented with commentaries in Sanskrit. Manuscripts of some of the works of Mahamuni Bhardwaj are kept in Baroda University's Oriental Institute.

Suryagita is part of this series. It was published by Bharat Dharma Mahamandal and others. A translation of this Suryagita is presented with gratitude. The manuscript of the basic "Arun Samhita" (unpublished—about one lakh pages with late Shri Haveliram Joshi) (Written by Lankeswar Dashanan Ravan) connected to the extinct Suryavidya is also moving into oblivion. One of its versions is "Arun Smriti". This rare manuscript was transcribed in Sanskrit by Dr. Sarvesh Sharma. So, at last Arun Smriti, a rare work in Sanskrit, has been made public for the first time. Similarly, some rare Stotras of Surya Devta have been gratefully obtained from different sources. Renowned Acharya Bhaskar Rai of the 18th century could transmogrify with the aid of the Sun. It is detailed in "Trich Bhaskar" which is like Sadhana and Upasana. Its way of meditation and evocation and the Surya Yantra are very amazing. The unavailable Mantras of Surya and the Swahakar method have been described in the same spirit.

Suryachikitsa, curing with the Sun, has been given in detail (Vedaadharit). Originating from the Vedas it spread to all the continents. In due course, it came to be called Heliotherapy,

chromotherapy etc in the West. After the Vaidic era, worshiping of the Sun spread to civilisations of Inca, Maya, Misr-Egypt, Rome, Hittite, Shinto, Tao, Unan-Greek, Rome, Gaval, Sumerian, Assyria, Babylon, Minoan, Parsi, Jews etc. On the other hand, the Sun also took central stage in the Buddha and Jain religions. An outline of this epic story is being provided.

Compilation, not original: In brief, this is a mere Surya Sangraha. It has borrowed with gratitude from different texts and wherever available their translations, including Vaidic Savita Sukta, Surya Sukta, Agni Sukta, Aanshubodhini Shastra, Suryagita, Suryashatak, Surya Mantra, Surya Stotra, Surya Sahasranama etc. Gratitude is also expressed to manuscripts of Arun Smriti, Suryayantra and Savita Devta, Surya Devtas etc. This is a compilation of years of ancient Sanatan Gyan-eternal knowledge on Surya Devta in different texts. We are merely trying to present the rare material on Surya Vijyan hidden in Sristividya Ved.

‘Tanme Manah Shivanskalpmastu’.
‘Be a thoughtful human and attain Devaitya’

गुह्य सूर्यविद्या सर्वशक्तिमान!

सनातन ज्ञान के अनन्त रहस्यमय सागर वेद अर्थात सृष्टि विज्ञान में परमव्योम अर्थात महाआकाश में ब्रह्माण्डों की रचना के गूढ़तम गोपनीय ज्ञान को उद्घाटित किया है। विश्व की किसी भी प्राचीनतम सभ्यता संस्कृति के धर्मशास्त्र में ब्रह्माण्ड सृजन के ज्ञान का वर्णन तक नहीं मिलता है। यहाँ यह जानना आवश्यक है कि वेद का रचनाकाल क्या है ? वेद के मन्त्रद्रष्टा ऋषियों और आर्यों का आदिदेश कहाँ है ? संस्कृत के विद्वान डॉ. सम्पूर्णानन्द एवं साम्यवादी रहे डॉ. रामविलास शर्मा ने ऋग्वेद की ऋचाओं के परिशीलन से निर्धारित किया कि ऋग्वेद का द्वषद्वती एवं सरस्वती महानदियों के मध्य मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने श्रवण किया। आर्यों का आदिदेश यही भारतवर्ष, जम्बूद्वीप है। डॉ. सम्पूर्णानन्द ने वेद का काल चतुर्युगों से पूर्व लगभग 39 वर्ष पूर्व निर्धारित किया। यह अवश्य है कि वेद की संस्कृत वर्तमान संस्कृत से बहुत भिन्न है। वैदिक कवियों–ऋषियों की भाषा बहुत गूढ़, सूत्रात्मक,

अभिव्यंजनात्मक, कूटात्मक, सांकेतिक, प्रतीकात्मक, बहुअर्थी शब्दोंवाली, काव्यात्मक, प्राचीनतम, संस्कृनिष्ठ आदि है। अतः अन्तर्मुखी–आत्मचेतनावान–क्रान्तदर्शी मन्त्रद्रष्टाकवियों के मन्त्रों के भावार्थ को समझना असम्भव नहीं तो "दुर्बोध" अवश्य है।

सर्वप्रथम आचार्य यास्क ने वेद के शब्दों के अर्थ (व्युत्पत्ति धातु एवं रूढ) का अनुसंधान कर "निरुक्त" सरीखे अमर ग्रन्थ की रचना की। यह आश्चर्यजनक है कि आचार्य यास्क ने लिखाः "वेद के सैकड़ों का अर्थ अज्ञात है।" संस्कृत शब्दों के समान्तर शब्द अंग्रजी में नहीं हैं।

वैदिक संस्कृति का मूलाधार मन्त्रद्रष्टाऋषी एवं ऋषिकाएँ हैं। ऋषि को कवि एवं मुनि नाम से भी सम्बोधित किया है। ऋषि का अर्थ प्राणवान और कवि, मुनि का अर्थ अन्तर्मुखी, क्रान्तदर्शी, अन्तः चेतनावान, आन्तरिक ब्रह्माण्ड से साक्षात्कार प्राप्त, प्रज्ञावान आदि है। कवि अन्तर्मुखी होकर ही मन्त्रद्रष्टा हुए। ऋग्वेद के सभी 10 विभागों–मण्डलों में 1028 सूक्त हैं। "ऋग्वेद के मन्त्र ऋषि–ऋषिकाओं की संख्या 296 मानी गई है।" ऋग्वेद "ब्रह्माण्ड दर्शन, ब्रह्माण्ड उत्पत्ति, सविता प्रकटीकरण, अनेक सूर्य रचना और सृष्टि सृजन का सूक्ष्म से सूक्ष्मतम वर्णन बहुत ही सुन्दर है। यह सर्वोच्च रचनाधर्मिता का सर्वोत्कृष्ट उदाहरण है।" यह अभूतपूर्व है कि यह वर्णन वर्तमान भौतिक विज्ञान के मापदण्डों पर भी खरा उतरता है।

परमव्योम अर्थात महाआकाश में ब्रह्माण्ड एवं सृष्टि रचना का वर्णन ऋग्वेद के नासदीय सूक्त, पुरुष सूक्त, विश्वकर्मा सूक्त, हिरण्यगर्भ सूक्त, प्रजापति सूक्त, सृष्टि रहस्य सूक्त, ऋग्वेद के पांचवे मण्डल का 62वाँ सूक्त, अस्यवामीय सूक्त, सूर्यसूक्त, मार्तण्ड उत्पत्ति सूक्त आदि में मिलता है। ऋग्वेद के सूक्तों में परमव्योम शब्द नये रहस्यलोक में ले जाता है। अर्थात हमें दिखाई देनेवाले आकाश (व्योम) के अलावा भी एक महाआकाश है। सूक्तों में स्पष्ट किया है कि परमव्योम में अप् या आपः (सलिल, जल) का महासमुद्र रहा। चारों ओर अनन्त अप् रहा। उस समय प्रकाश भी नहीं था और अन्धकार भी नहीं था। अव्यक्त से व्यक्त हुआ। उसने अपनी इच्छाशक्ति से सृष्टि की प्रेरणा की (नासदीय सूक्त)। पुरुष सूक्त में अनेक ब्रह्माण्डों के सृजन का उल्लेख है। विश्वकर्मा सूक्त में रहस्योद्घाटन किया है कि सर्वप्रथम द्यावापृथिवी का सृजन किया। हिरण्यगर्भ सूक्त में स्पष्ट किया है कि इस सृष्टि के सृजन से पहले हिरण्यगर्भ परब्रह्म परमात्मा विद्यमान रहा। ऋग्वेद के पाँचवें मण्डल के 62वें सूक्त में सृष्टिकल्पकाल को उषाकाल नाम से सम्बोधित किया है। सूक्त परमाणु एवं ऊर्जा के गूढ़ज्ञान से सम्बन्धित है। सूक्त में

द्युलोक और सूर्यमण्डल में आपः–जल–सलिल– अप् में अवस्थित घोषित किया है। महर्षि कुलवैभवम् में सृष्टि पूर्व में अन्या कृत (भेद रहित–एक रूप में रहनेवाला) वह ब्रह्म, सृष्टि के आरम्भ में तीन रूपों में व्याकृत (विभक्त) हो फैलता है। सृष्टि विषयक श्रुतियों में प्रायः आता है : ''प्रजापति रकामयत'' (प्रजापति ने सृष्टि रचना की इच्छा की।)। महर्षि दीर्घतमा के अस्यवामीय सूक्त में परमव्योम् में महासृष्टि सृजन का रहस्य उद्घाटित किया गया है। महासृष्टि की पूर्वावस्था में केवल एक तत्त्व (अव्यक्त व्यापक सूक्ष्म प्रकृति तत्त्व आपः) विद्यमान रहा। वह महासृष्टि की पूर्वावस्था का निरीक्षण कर रहा था। सृष्टि में सात लोक–भूः, भूर्वः, स्वः, जनः, तपः, महः, एवं सत्यं हैं। सूक्त में महाप्रकृति को कामदुघा नाम दिया है। इसका वत्स (पुत्र) प्राणरूप सूर्य है। अस्यवामीय सूक्त में परमव्योम में अक्षर को अविनाशी कहा है। अदिति अखण्ड अक्षय ऊर्जा है। यह स्मरण रहे कि अस्यवामीय सूक्त के मन्त्रद्रष्टा ऋषि दीर्घतमा ने ''शून्य'' का अविष्कार किया। महर्षि दीर्घतमा के सूक्त में परमव्योमन् में ''ॐ'' की ध्वनि का उल्लेख है। आदिसूर्य सविता में ''ॐ'' का मधुर नाद हुआ और सूर्यों–ब्रह्माण्डों की उत्पत्ति हुई। सूक्त ने कहा है कि गो रूपी अक्षय ऊर्जा है। ब्रह्माण्ड की समस्त नीहारिकाओं के समापन के बाद अथवा पार महा ब्रह्माण्डीय ऊर्जा वाला ब्रह्मलोक अथवा गो लोक है। सविता देवता ने अग्नि आदि देवों की शक्तियों के माध्यम से नीहारिका रूपी भट्टी का निर्माणकर सम्पूर्ण सृष्टि को प्रसव दिया। सृष्टि के मूलकणों से सृजन शक्ति प्राप्तकर ब्रह्माण्डीय ऊर्जा तत्त्व से पदार्थ का निर्माण किया। साथ ही नीहारिक केन्द्र से सूर्यों की उत्पत्ति हुई। परमव्योम में चारों दिशाओं में बिखरे प्रकाशित सभी तारे सूर्य हैं। ये सूर्य आकाशगंगा के केन्द्र से निकले हैं। उनमें से ही एक ऊर्जा का महासमुद्र हमारा सूर्य है। हमारा सूर्य छह अरब वर्षों से निरन्तर ऊर्जा एवं प्रकाश दे रहा है, लेकिन ऊर्जा में कमी का कोई संकेत नहीं है।

ऋग्वेद के 10वें मण्डल के 72वें सूक्त में सिंहगर्जना की कि ''प्रत्येक सूक्ष्म से सूक्ष्मतम अंश में अनन्त शक्ति और ऊर्जा का भण्डार है। सृष्टि का आरम्भ प्रकृति की साम्यावस्था, शक्ति समूह है। वेद के व्योमवाद में दो प्रकार–परमव्योमन् और अपरव्योमन् हैं। परमव्योमन् अमृत देवयोनि है। जहाँ सभी देवों की उत्पत्ति होती है। उसका स्थान द्यौ है। परमव्योमन् परमेष्ठी सूक्ष्म से सूक्ष्म चैतन्य रूप में प्रकट होते हैं। यह चैतन्य दिव्य प्रकाश अनन्त विपुल ऊर्जा शक्ति का महाभण्डार है। परमेष्ठी के अव्यक्त से व्यक्त होते ही महासृष्टि, महाब्रह्माण्डों एवं अनेक सूर्यों की उत्पत्ति होती है। वेद विश्व का प्रथम और अन्तिम सनातन ज्ञान ब्रह्मविद्या का ग्रन्थ है, जिसमें अनेक सूर्यों के

ब्रह्माण्ड में विद्यमान होने की घोषणा की गई। वर्तमान भौतिक विज्ञान ने मात्र बीसवीं शती में इसे स्वीकारा।

परमेष्ठी ज्येष्ठ ब्रह्म का सूक्त ऋग्वेद से लेकर अथर्ववेद में है। वेद में परव्योम में सर्वप्रथम दिव्य प्रकाश बिखेरते सविता देवता का वर्णन है। सविता देवता को "आदिसूर्य" भी कहा गया है। शाब्दिक रूप से सूर्य और सविता का अर्थ प्रसव देने वाला, नवरचना करनेवाला है। मार्तण्ड उत्पत्ति सूक्त में आठवें सूर्य मार्तण्ड की उत्पत्ति का वर्णन बहुत ही काव्यात्मक है। सूर्य देवता की ऊर्जा को सतत अक्षय ऊर्जा का महासागर कहा गया है। मन्त्रद्रष्टा ऋषियों वेद में स्पष्ट से कहा कि सूर्य में अप्–आपः (जल) के सारतत्त्व का सार दहनशील है। इसके सार का सार पुनः दहनशील (जलना) है। वैज्ञानिक रूप से जल हाईड्रोजन एवं आक्सीजन दो तत्त्वों का मिलन है। जल के सार का सारतत्त्व हाईड्रोजन और उससे सृजित हीलियम धूम्र अथवा धूम (गैस) सूर्य में जल रहा है। अतः वेद के ऋषि अद्वितीय अतुल्य, विलक्षण वैज्ञानिक रहे।

ऋग्वेद के अष्टम् मण्डल के 72वें सूक्त में कहा गया है कि परमेष्ठी ने सूर्य में अखण्ड ऊर्जा का खजाना रखा हुआ है। वैदिक ऋषियों वसिष्ठ और भारद्वाज ने लम्बे मनन चिन्तन के बाद सौर ऊर्जा के गूढ़ रहस्य को प्राप्त किया। वेद में सौर ऊर्जा के लिए सौर्यः धर्मः शब्द को काम लिया है। ऋग्वेद के अनुसार सूर्य की किरणों से सात प्रकार की ऊर्जा (सप्तपदी) प्राप्त की जा सकती है। इस ऊर्जा से अन्न (इष्) और ऊर्ज् (ऊर्जा) दोनों प्राप्त होती हैं। ऋग्वेद और यजुर्वेद की ऋचाओं के अनुसार सूर्य किरणों में विद्युत् चुम्बकीय प्रवाह भी है। ऋग्वेद में सूर्यमण्डल में कुछ काले चिन्हों (विज्ञान के ब्लैकहोल) का वर्णन है :"सूर्यस्य चक्षू रहसैत्यावृतम्। (ऋग्वेद 1.164.14)।" सूर्य आकर्षण शक्ति से सौरमण्डल को रोके हैः "सूर्येण उत्तभित्ता द्यौः (ऋग्वेद 10.85.1)।" सूर्य की किरणें ही पदार्थ को रंग देती हैं : ये "त्रिसप्ताः परियन्ति विश्वा रूपाणि बिभ्रतः। (अथर्ववेद 1.1.1)।"

सूर्य और वैश्वानर अग्नि सम्बन्ध पर ऋग्वेद के 10वें मण्डल का 88वाँ सूक्त प्रकाश डालता है। हिरण्यगर्भ में वैश्वानर अग्नि कार्यरत है। यह वैश्वानर अग्नि सूर्य को कार्य में लगाती है। सूर्य में अग्नि परमात्मा का तेज है। परमात्मा का तेज हिरण्यगर्भ में वैश्वानर अग्नि बन जाता है। यह अजर–अमर है। यह यज्ञ करनेवाले देवताओं द्वारा प्रयुक्त होती है। "यज्ञ सृष्टि रचना कार्य है। अर्थात दिव्य रहस्यमय अग्नि अपने तेज, शक्ति से आकाश, पृथिवी और अन्तरिक्ष का निमार्ण करती है। वैश्वानर अग्नि समूचे

सौरमण्डल के लिए रही। सूर्य ने आपाओं(आपः) को इसमें फैला दिया। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के प्रथम सूक्त के प्रथम मन्त्र का प्रथम शब्द अग्नि है।

वैदिक रूप से समष्टि (तीनों लोकों–विश्व) में व्याप्त सूर्य आदि तीनों अग्नियों को ''नर'' कहते हैं। अतः ''वैश्वानर का अर्थ समस्त विश्वों में व्याप्त ऊर्जा अग्नि है।'' अग्नि के तीन जन्मस्थान द्युलोक (अन्तरिक्ष भी), भूलोक और समुद्र है। अग्नि सर्वव्यापक, व्यापक रूप ऊर्जा, पुरीष्यअग्नि, सभी लोकों की ऊर्जा का केन्द्र, तडित्कण, आकर्षण शक्ति, स्वाभाविक ऊर्जा आदि है। अग्नि की चार प्रकार की शक्तियाँ–ऋक् (प्रार्थना की शक्ति), यजुःशक्ति (कर्मठता), सामशक्ति (संगीत की शक्ति) और अथर्वशक्ति (विज्ञान की शक्ति) हैं। चार शक्तियों से अभिप्रार्य–आधिभौतिक शक्ति, आधिदैविक, अध्यात्मिक शक्ति एवं मौलिक शक्ति से है। अर्थात जीवन मृत्यु, प्रत्येक पदार्थ की रचना सम्भव है।

ऋग्वेद में अग्नि को विद्युद्रथ कहा गया हैः ''विद्युद्रथः सहसस्पुत्रों अग्नि। (ऋग्वेद 3.14.1)।'' ऋग्वेद में कहा गया है कि अग्नि अपने प्रकाश से द्युलोक एवं पृथिवी को प्रकाशित करती है। अग्नि जीवनशक्ति का दाता (जीव–पीत–सर्गः) कहा है। जीव–पीत–सर्ग यानी जो प्राणियों के द्वारा पीने या अन्दर लेने से नवीन सृष्टि करता है। ऋग्वेद के अनुसार वायु मन्थन से अग्नि (विद्युत्) उत्पन्न होती हैः ''मथीद् यदीं विभृतो मातरिश्वा। (ऋग्वेद 1.71. 4)।'' यजुर्वेद में सूर्य और अग्नि को निधिपा (कोष की रक्षा करने वाला) बताया है। अग्नि में सम्प्रेषण शक्ति हैः ''विश्वस्य दूतम् अमृतम्। स दुद्रवत् स्वाहुतः। (यजुर्वेद 15.33.44)।'' जीवन विज्ञान की दृष्टि से ''अग्नि स्वतन्त्र स्नायु संस्थान'' है। ऋग्वेद में अग्नि को अनन्त ऊर्जा महासागर कहा हैः ''सूनो सहस ऊर्जां पते। (ऋग्वेद 8.19.7)।''

महर्षि अंगिरा ने शब्द ब्रह्म की शक्ति से कठोरतम पर्वत को तोड़ा। वहीं यजुर्वेद में कहा है कि अग्नि से कठोरतम पत्थर तोड़ सकते हैंः ''वीडुं चिदद्रिम् अभिनत् परायन् .... अग्निम्। यजुर्वेद 12.23।''

अध्यात्मिक रूप से ''अग्नि चित तत्त्व है। सविता देवता (सूर्य भी) दिव्य चेतना है।'' सविता देवता के गायत्री छन्द में मन्त्र में ज्ञान के प्रकाश और धारण करने योग्य मेधा एवं तेज देने की प्रार्थना की गई है। वेद के अनुसार हमारा सूर्य आकाश में वरुण राजा की परिक्रमा लगाता है। अथर्ववेद के अठारहवें काण्ड के तीसरे सूक्त के मन्त्रों के अनुसार सूर्य से पृथिवी की उत्पत्ति हुईः ''बाहुच्च्युता पृथिवी द्यामिवोपरि। (अथर्ववेद 18.3.25–35)।'' यजुर्वेद में कहा गया है कि सूर्य की उष्मा का रहस्य निरन्तर प्राण अपान का परिवर्तन हैः ''अन्तश्चरति रोचनाऽस्य प्राणादपानती। (यजुर्वेद 3.7)''

वेद में सूर्य रश्मि में तरंग दैर्घ्य, विकिरण, ताप, विद्युत् चुम्बकीय प्रवाह, विद्युत् चुम्बकीय प्रवाह, तेजोविकरण पराकासनी, अवरक्तता, प्रकाश विकिरण, जीवाणु, विविध रंग, सौर ऊर्जा, ओषधशक्ति आदि का सविस्तार वर्णन है। वेद में सविता देवता, सूर्य देवता, अग्नि देवता आदि के मन्त्र नये रहस्यलोक में ले जाते हैं। वेद मन्त्रों में स्पष्ट रूप से कहा है कि सूर्य देवता लौह जबड़े के कारण "ओउम्" का गान बहुत ही मन्द मधुर स्वर में करता है। इससे उनका मुँह अधिक नहीं खुलता है। पश्चिमी जगत् के विद्वानों ने इसे गल्प कहा। प्रकारान्तर में अमेरिकी "नासा" ने सूर्य की ध्वनि जारी की। यह वेद वर्णित ध्वनि से हूबहूँ मेल खाती है। इस प्रकार 39 लाख वर्ष पूर्व के वेद आज भी सटीक एवं सत्य हैं।

वैदिक काल के ऋषियों को सविता देवता एवं सूर्य देवता की अनन्त ऊर्जा की शक्तियों का गूढ़ ज्ञान रहा। इससे सर्वशक्तिमान सूर्यास्त्रों की रचना की गई। सूर्यास्त्र की संहारक क्षमता को ध्यान में रखकर इसे गुप्त से गुप्त रखा गया। सूर्य रश्मियों के गुह्यज्ञान को महामुनि भारद्वाज ने सार्वजनिक किया।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि वैदिक रूप से सृष्टि की रचना अग्नि एवं सोम से हुई। वेद में सूर्य अथवा आदित्य की शक्ति का आधार सोम तत्त्व हैः "सोमेन आदित्या बलिनः। (अथर्ववेद 14.1.2)।" विश्व की प्रेरक शक्ति, ज्योति का आधार शक्ति चेतना का स्रोत है। इसी क्रम में सूर्य को चर और अचर की आत्मा कहा गया हैः "सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुष श्च। (ऋग्वेद 1.115.1)।" दूसरे शब्दों में सूर्य से ही पृथिवी पर जीवन है। यजुर्वेद में कहा है कि पृथिवी, सूर्य आदि सदा घूमते रहते हैंः "समाववर्ति पृथिवी समुषाः समु सूर्यः। समु विश्वमिंद जगत्। (यजुर्वेद 20.23)।" ऋग्वेद के 10वें मण्डल के 139वें सूक्त के चौथे मन्त्र में कहा गया है कि इन्द्र ने सूर्य की परिधि को चारों तरफ से देखा। योगदृष्टि और साधना से सूर्य की परिधि को देखना सम्भव हुआः "इन्द्रः परि सूर्यस्य परिधीन अपश्यत्। (ऋग्वेद 10.139.4)।"

वेद में कहा गया है कि राजा वरुण सूर्य के लिए मार्ग बनाना है। वरुण जहाँ चलने का मार्ग नहीं है, वहाँ पैर रखने के लिए पथ निमार्ण करता हैः "उरूं हि राजा वरुणश्चकार सूर्याय पन्थामन्वेतवा उ। अपदे पादा प्रतिघातवेऽकः। (ऋग्वेद 1.24.8)।" सूर्य को सभी कार्यों में वरुण की सहायता की आवश्यकता होती है। यह वैदिक मान्यता है कि मानवीय पिण्ड अथवा अण्ड और ब्रह्माण्ड एकाकार है। वेद मानवीय शरीरस्थ अण्ड में स्थित वैदिक देवताओं का भी रहस्योद्घाटन करता है। वेद के अनुसार मानवीय शरीर में

सूर्य ब्रह्मरन्ध्र अथवा सहस्रार और नाभि के समीप स्थित है। अथर्ववेद के प्रथम काण्ड के तीसवें सूक्त में कहा गया है कि हे आदित्य देवों! इस मनुष्य में जाग्रत रहोः "विश्व देवा वसवा रक्षतममुतादित्या जागृत यूयमस्तिन्।" अथर्ववेद में शुद्धि की विधि में पांच देवों से शुद्धि की प्रार्थना की है। ये पांच देवता सूर्य, चन्द्रमा, अग्नि, वायु और आपः हैं। इनकी शक्तियाँ क्रमशः सूर्य से प्रकाश, अग्नि से तपाने, चन्द्र से सौम्यता पूर्ण प्रकाश, वायु से गति और आपः (जल) से शान्ति है। वेद में सूर्य की उपमा नेत्र ज्योति से की गई है। "जीव विज्ञान की दृष्टि से सूर्य मस्तिष्क में क्रियातन्तुओं से सम्बद्ध नाड़ीग्रन्थि है। सूर्य मानव के क्रियातन्त्र को नियन्त्रित करता है।" सूर्य के रथ के सात अश्व मानवीय शरीर में सात क्रियातन्तु हैं। ये मस्तिष्क में विद्यमान मुख्य ज्ञानतन्तुओं के केन्द्र से उत्पन्न होते हैं। दूसरे शब्दों में सूर्य सात ज्ञानेन्द्रियों—दो आँख, दो कान, दो नाक एवं एक जिव्हा के द्वारा बाह्यजगत की सूचनाएँ एकत्र कर निर्णयानुसार कर्मेन्द्रियों से क्रियान्वन करवाता है। वेद में वर्णित सूर्य का जीववैज्ञानिक वर्णन बहुत ही अद्भुत है।

अथर्ववेद में विराट् ब्रह्म को ऊर्जा रूप कहा गया है। इस अनन्त, अखण्ड, अक्षर ऊर्जा स्रोत से सर्वप्रथम सूर्य को ऊर्जा प्राप्त हुई। वेद में यह बारम्बर सविता देवता और सूर्य देवता को प्रसव देने वाला अर्थात सृजन करने वाला कहा गया है।

सूर्य के सात नाम— आरोग, भ्राज, पटर, पंतग, स्वर्णर, ज्योतिषीमान और विभास (तैत्तिरीय आरण्यक 1.7.1) मिलते हैं। यद्यपि अथर्ववेद में केन्द्रीय सूर्य कश्यप और देव माता अदिति के पुत्र आदित्य हैं। ऋग्वेद में आदिसूर्य सविता और सूर्य के सूक्त गुह्य ब्रह्मविद्या से सम्बन्धित हैं। ऐतरेय ब्राह्मण एवं गोपथ ब्राह्मण में उद्घोषणा की कि सूर्य का उदय और अस्त नहीं होता है। शास्त्र की दृष्टि से यही सही हैः "स वा एषं (आदित्यः) न कदाचनास्तमेति, नोदेति (ऐतरेय ब्राह्मण 3.44)।" "स वा एष (आदित्यः) न कदाचनास्तमयति, नोदयति। (गोपथ ब्राह्मण 2.4.10)।" सूर्य के अस्त होने का अर्थ "प्रलय" है।

ऋषियों ने सूर्य की किरणों को महारुद्र शिव की जटाओं की संज्ञा दी है। वैदिक देवों के शास्ता रुद्र और सूर्य के सहस्त्र नामों में एक "दिवोवराह" (आकाश का वराह) है। पृथिवी पर जल प्रलय होने पर दिवोवराह महाप्रचण्ड तापवली किरणों को लेकर प्रकट हुआ। परिणामतः पृथिवी का पानी वाष्प बनकर उड़ा और जमीन—धरती ऊपर आयी। पुराण में इसी आधार पर "वराह अवतार" मान्यता सामने आयी। वेद में यह भी स्पष्ट उल्लेखित है कि भाप—वाष्प से मेघ बने। इन मेघों में सूर्य किरणों का विद्युत् चुम्बकीय प्रवाह,

आकाशीय विद्युत्, विकिरण, तरंगदैर्घ्य, ताप, विद्युत् आदि प्रविष्ट हुआ। यह बताता है कि वेद के ऋषि शीर्षष्थ वैज्ञानिक रहे।

आमतौर पर सविता को सूर्य ही मानते हैं। सविता देवता सूर्य से पृथक हैं। ऋग्वेद के अनुसार सविता देव सूर्यरूपी हिरण्यमय रथ पर सवार होकर आ रहा है: "हिरण्ययेन सविता रथेनऽऽ देवो याति भुवनानि पश्यन्। (ऋग्वेद 1.35.2)।" वेद में सविता देवता को मर्त्य भोजन बाँटनेवाला भण्डारी भी बताया है: "मर्त भोजनमध रासते नः। (ऋग्वेद 7.45.3)।" "आनृभ्यो मर्त भेजनं सुवानः। (ऋग्वेद 7.38.2)।" अर्थात सविता मनुष्यों के लिए भोजन उत्पन्न करता है। मर्त्य भोजन वह है जो मरणधर्मा शरीर के लिए उपयोगी हो। सविता देव की देन सूर्य, चन्द्रमा, विद्युत् की चमक, अग्नि में समुत्पन्न तेज, नक्षत्रादि की ज्योतियाँ हैं। वेद में सविता देवता को "असुर" भी कहा गया है। असुर से तात्पर्य प्रज्ञावान, प्राण, सामर्थ्यवान, शक्तिवान आदि है। वेद में देवों को "असुर" की संज्ञा भी दी गई है। सविता देवता मेधा, बुद्धि आदि की प्रेरक शक्ति; मधुविद्या; श्री प्रदाता; उपांशु; अन्तर्याम; आग्रयण आदि है। यर्जुवेद में कहा गया है कि "सविता मस्तिष्क की शक्तियों को प्रकाशित करने वाला है।" सविता लोक–लोकान्तर को प्रकाशित करने वाला है। सविता शरीर एवं स्थान देनेवाला है (शतपथ ब्राह्मण 13.8.25;3.3)।

अथर्ववेद में सविता देवता को अद्‌भुत सिद्धियाँ देनेवाला कहा गया है। सविता सूक्ष्मतम अणु, रेणु से लेकर स्थूलकाय तक की प्रेरक शक्ति है। प्रकारान्तर में सविता सावित्री का युग्म प्रस्तुत हुआ। ऋग्वेद में सविता के निवास स्थान तीन द्युलोक हैं। सविता देवता मानव ही नहीं देवों के भी प्रेरक हैं। ब्रह्माण्ड में प्रेरणा का स्थान द्युलोक है। मानवीय पिण्ड में प्रेरणा का स्थान मस्तिष्क है। मस्तिष्क ही समूचे शरीर की गतिविधियों का नियन्त्रण करता है। मस्तिष्क, अनु मस्तिष्क, और सुषुमा शीर्षक। ऋग्वेद में वर्णित तीन द्युलोक– उदन्वती, पीलुमती, प्रद्यौः; तीन लोक–पृथिवी, अन्तरिक्ष, द्युलोक; तीन रोचना– अग्नि, विद्युत्, सूर्य और तीन पृथिवियाँ– अन्नमय, प्राणमय, मनोमय हैं (ऋग्वेद 4.53.5)। ऋग्वेद के अनुसार मनुष्य में सविता देवता से ही कार्य क्षमता है। सविता के प्रति आत्मसमर्पण से सवितृ शक्ति का प्रकटन होता है : "मध्याकर्तोर्न्यधात् शक्मधीरः।(ऋग्वेद 1.35.4)।"

ऋग्वेद से अथर्ववेद में सविता देवता एवं सूर्य देवता अध्यात्मिक, आधिभौतिक, आधिदैविक और भौतिक शक्तियाँ देनेवाले हैं। सविता एवं सूर्य अध्यात्मिक एवं भौतिक ऐश्वर्य, श्री, समृद्धि, हिरण्य, सुख, आरोग्य, वाणिज्य में वृद्धि, ऋणमोचन, मेधा–बुद्धि–शक्तिवर्धन आदि प्रदान करते हैं। ऋग्वेद में सूर्य

से "कायाकल्प एवं रोग निवारण की ऋचायें हैं। सूर्य किरणों की भौतिक शक्तियों की भी सूक्ष्मतम व्याख्या वेद में है। ब्राह्मण ग्रन्थों, आरण्यकों, तन्त्र, पुराण और उपनिषद् में वेद के सविता एवं सूर्य को मायावी विस्तार मिला। सविता देवता, अरुण, सूर्य की उपनिषद् में उनके अध्यात्मिक–भौतिक स्वरूप की व्याख्या की गई है। पंच देवों में सूर्य अथर्वशीर्ष सूर्य देव को परब्रह्म घोषित करता है। सूर्यविद्या सविताविद्या को गूढ़ से गूढ़तम रहस्य रखा गया है। महर्षि अगस्त्य ने महाब्रह्माण्ड में बारह सूर्यों का दर्शन किया। इससे पूर्व वैदिक काल के ऋषि ने आठ सूर्यों की यात्रा की। त्रेतायुग में लंकेश्वर एवं उनके पितामह पुलस्त्य सूर्य विद्या के महान ज्ञाता रहे। इसी काल में महर्षि अगस्त्य लंकेश्वर दशानन रावण और अयोध्यापति महाराजा दशरथ के युवराज श्रीराम के बीच महासमर प्रारम्भ होने से पूर्व उपस्थित हुए। महर्षि अगस्त्य ने श्रीराम को सूर्य की अक्षय ऊर्जा का रहस्य "श्रीआदित्यहृदयम् द्वारा" बताया। आदित्यहृदयम में सूर्य रश्मियों को मंथित कर (सोलर लेजर बीम) लंकेश्वर दशानन रावण के नाभि स्थित अमृतकुण्ड पर छोड़ने की विधि बतायी गई। मूलतः यह स्तोत्र सूर्यविद्या के तिलिस्म के दरवाजे खोलनेवाला है। इसके लिए ऋग्वेद, यजुर्वेद एवं अथर्ववेद के सविता देवता और सूर्य देवता के सूक्तों एवं ऋचाओं का परिशीलन, अनुसन्धान आदि अनिवार्यता है।

वेदकाल में पृथिवी एवं अन्तर ग्रह, अन्तर ब्रह्माण्ड गमन एवं विमानन का उल्लेख मिलता है। भारद्वाज महामुनि ने "यन्त्र सर्वस्व" में अंशुबोधिनी शास्त्र, वैमानिक शास्त्र आदि को भी समाहित किया है। दुर्लभ ग्रन्थ "अंशु बोधिनी शास्त्र" में सूर्य किरण विभाजन और किरण में विद्यमान अनन्त, अखण्ड, अक्षय ऊर्जा आदि के संयोजन का गुह्यज्ञान है। समझा जाता है कि अनेक देशों के रक्षा अनुसन्धानकर्ता अंशबोधिनी शास्त्र के कूटात्मक गुह्यज्ञान को समझने में लगे हैं। वैमानिक शास्त्र के अनुसार ब्रह्माण्ड के दूसरे ग्रहों और दूसरे ब्रह्माण्डों में जानेवाले विमान सौर ऊर्जा से संचालित रहे। महर्षि भरद्वाज ने अंशुबोधिनी शास्त्र में बहुत छोटे–छोटे मन्त्रों में सूर्यविद्या कूटात्मक शैली में लिखी है। प्रकारान्तर में इन मन्त्रों को संस्कृत व्याख्या के साथ प्रस्तुत किया गया है (महामुनि भरद्वाज की कुछ कृत्तियों की पाण्डुलिपि बडौदा विश्वविद्यालय की ओरियेन्टल इन्स्टीटयूट में उपलब्ध है।)।

इसी शृंखला में सूर्यगीता है। यह भारत धर्म महामण्डल और अन्यों ने प्रकाशित की। यह सूर्यगीता सानुवाद साभार प्रस्तुत है। लुप्तप्रायः सूर्य विद्या से सम्बन्धित मूल अरुण संहिता (अप्रकाशित) (स्वर्गीय श्री हवेलीराम जोशी के पास लगभग लाखों पन्नों) की पाण्डुलिपि भी विस्मृति के गर्भ में है। इसी का

एक अंश ''अरुण स्मृति'' पाण्डुलिपि है। यह दुर्लभ पाण्डुलिपि (अरुण स्मृति) डॉ. सर्वेश शर्मा ने संस्कृत में लिपिबद्ध की। अतः संस्कृत की दुर्लभकृति अरुण स्मृति को प्रथम बार सार्वजनिक किया गया है। इसी कड़ी में सूर्य देवता के कुछ दुलर्भ स्तोत्रों को भी विभिन्न स्रोतों से साभार लिया गया है। अट्ठारहवीं शती में महासिद्ध आचार्य भास्कर राय ने सूर्य से कायाकल्प किया। इसका वर्णन ''तृच भास्कर'' में है। तृच भास्कर साधना एवं उपासना परक है, इसका ध्यान, आवाहन एवं सूर्ययन्त्र बहुत ही अद्भुत एवं चमत्कारिक है। सूर्य के अनुपलब्ध मन्त्र और स्वाहाकार विधि सन्दर्भार्थ दी गई है।

सूर्य चिकित्सा को सविस्तार दिया गया है (वेदाधारित)। सूर्य चिकित्सा वेद से निकलकर सातों द्वीपों में छा गई। प्रकारान्तर में पश्चिम में इसे हिलियोथैरेपी, क्रोमोथैरेपी आदि नाम मिले। सूर्योपासना वैदिक काल के बाद–इंका, माया, मिस्र, रोम, हित्ति, शिन्तो, ताओ, यूनान, ग्रीक, गवल(बायसन), सुमेरिया, असीरिया, बैबीलोन, मिनोअन, पारसी, कस्सी, फैल्डियन, फिनिशियन, यहूदी आदि संस्कृतियों में रच बस गई। वहीं बौद्ध और जैन धर्म में भी सूर्य केन्द्र में रहा। इस महागाथा का रेखाचित्र दिया जा रहा है।

संग्रह ; मौलिक नहीं : सारसंक्षेप में यह ''सूर्य संग्रह'' मात्र है। इसमें वैदिक सविता सूक्त, सूर्य सूक्त, अग्नि सूक्त, अंश बोधिनी शास्त्र, सूर्यगीता, सूर्यशतक, सूर्य मन्त्र, सूर्य स्तोत्र, सूर्य सहस्रनाम आदि विभिन्न ग्रन्थों से साभार लिये गये हैं। उनके अनुवाद और अन्य भी साभार हैं। अरुण स्मृति की पाण्डुलिपि, सूर्ययन्त्र और सविता देवता, सूर्य देवता आदि के चित्र भी साभार हैं। यह वर्षों–वर्षों से विभिन्न पोथियों में उपलब्ध सूर्य देवता पर प्राचीन सनातन ज्ञान की सामग्री का संकलन है। हम सृष्टिविद्या वेद के लुप्त सूर्य विज्ञान की दुलर्भ सामग्री को संग्रह कर प्रस्तुत करने का क्षुद्र प्रयास भर कर रहे हैं।

''तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु।''

विषय सूची

1. रोगघ्न्य उपनिषत् : कायाकल्प गुह्यविद्या
2. सूर्य से कायाकल्प की गोपनविद्या : तृच भास्कर
3. महासिद्ध आचार्य भास्कराय भारती दीक्षित : सिर झुकाते प्रतिमा नष्ट
4. तृच भास्कर : श्री भास्कर राय, सन 1708 कर्मकांड विधि ग्रन्थ के महत्वपूर्ण अंश अथ ध्यायेत्
5. ऋग्वेद का मृत्युंजय सूक्त : आरोग्यं भास्करादिच्छेत : अग्नि इन्द्र रूपी सूर्य
6. दुर्लभ सूर्यस्तोत्र हृदयादि रोग नाशक स्तोत्र सूर्यद्वादशार्याः
7. सूर्यनवार्याः
8. सूर्यार्यास्तोत्रम्
9. सूर्यनारायणस्तोत्रम्
10. सूर्याष्टकम्
11. सौरसंहिता (स्कान्दे)
12. सूर्यकवचम्
13. द्वादशादित्यस्तोत्रम्
14. आदित्यस्तोत्ररत्रम्
15. शिवप्रोक्तं सूर्याष्टकम्
16. सूर्यार्यास्तोत्रम्
17. श्रीसूर्यमण्डलस्तोत्रम्
18. सूर्यशतकम्
19. सूर्योपनिषत्
20. आरुणिकोपनिषत्
21. सावित्र्युपनिषत्
22. सूर्य–कवचम्
23. आदित्यहृदयस्तोत्रम्
24. सूर्याथर्वशीर्षम्
25. चाक्षुषोपनिषत्
26. छागलेयोपनिषत्

27. नासदीय सूक्त (ऋग्वेद १०।१२६।१–७)
28. भगवान सूर्य के मन्त्र
29. सूर्ययाग विधान
30. सूर्य देवता यज्ञ
31. श्रीसूर्यसहस्रनामावलिः

ऋग्वेद के प्रथम मण्डल का 50वाँ सूक्त
रोगघ्न्य उपनिषत् : कायाकल्प गुह्यविद्या
ऋग्वेद की ऋचाओं का चमत्कार

ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के 50वें सूक्त की तीन ऋचाएँ 11—13 कायाकल्प करने की तिलिस्मी कुंजी हैं। ''तृच भास्कर'' में इन तीन ऋचाओं के अलावा विधिविधान में ऋग्वेद की 32 अन्य ऋचाओं को प्रयुक्त किया गया है।

ये ऋग्वेदीय ऋचाएँ हैं : अग्निं दूतं वृणीमहे (1.12.1); अदृश्रमस्य केतवो (1.50.3); अप त्ये तायवो यथा (1.50.2); अप्सु में सोमो (1.23.20); अयुक्त सप्त शन्ध्यु (1.50.9); आ कलशेषु (9.17.4); आदित्प्रत्नस्य रेतसो (8.6. 30); आ वात वाहि भेषजं (10.137.3); इमं मे गंगे यमुने (10.75.5); उदुत्यं जातवेदसं (1.50.1); ओषधय संवदन्ते (10.97.22); गणानां त्वां गणपतिं (2.31.1); गन्धद्वारां दुराधर्षां (5.87.9 खिल); जातवेदसे सुनवाम (1.99.1); तत्त्वा यानि ब्रह्मणा (1.24.11); तरणिर्विश्वदर्शतो (1.50.4); नमो महद्भ्यो नम (1.27.13); प्र णो देवी सरस्वती (6.61.4); प्रत्यङ्. देवानां विशः (1.50.5); प्र वो यज्ञेषु देवयन्ती (7.43.1); मही द्यौः पृथिवी च न (1.22.13); या ओषधीः पूर्वा जाता (10.97.1); यः फलिनीर्या अफला (10.97.15); येभ्यो माला मधुमन्पिन्वते (10.63.3); एवा पित्रे विश्वदेवाय (4.50.6); रुवति भीमो वृषभः (9.70.7); विद्यामेषि रजस्पृश्व (1. 50.7); सप्त त्वा हरितो रथे (1.50.8); सप्त रत्नानि दानुषे (5.82.3); स्योना पृथिवी (1.22.15); हिरण्यरूपः सः (2.35.90) और क्षेत्रस्य पतिना वयं (4.57.1)। इनमें प्रथम मण्डल के 50वें सूक्त की 1, 2, 3, 4, 5, 7, 8 और 9 ऋचाएँ हैं। इस प्रकार कायाकल्प की गुह्यविद्या प्रथम मण्डल के 50वें सूक्त की 11 ऋचाएँ में समाहित है। इस सूक्त के ऋषि—प्रस्कण्वः काण्वः हैं और देवता सूर्य हैं।

इस सूक्त में 1 से 10 तक की ऋचाएँ सूर्य स्तुति परक हैं। ''ऋचा 11—12 में सूर्य से हृद्रोग एवं कामला इन दोनों का नाश करने की प्रार्थना की गई है।'' ऋचा 13 में सूर्य देव की इस उद्देश्य से प्रार्थना की गई है कि हम (रोग से ग्रस्त होकर) शत्रु के वश में पहुँचने के बदले शत्रु को ही वश में लाने में सफल हों। कात्यायन की ''सर्वानुक्रमणी'' में अन्तिम तीन ऋचाओं को ''रोगघ्नः'' और ''उपनिषत्'' की संज्ञा दी गई है। महर्षि शौनक ने भी

''ऋग्विधान'' में इस ''तृचात्मक मन्त्र'' को ''रोगघ्न विषघ्न'' और ''पापनाशक'' कहा है (तृच भास्कर में शुक्ल यजुर्वेद के अध्याय 13 की 20वीं ऋचा है।)। सन् 1708 में महान वेदज्ञ–तान्त्रिक आचार्य भास्कर राय ने ऋग्वेद की ऋचाओं के प्रयोग से कायाकल्प किया। वैसे ऋग्वेद में सूर्य से आरोग्य प्राप्ति के अनेक–अनेक मन्त्र मिलते हैं। यह दुःखद है कि ''तृच भास्कर ग्रन्थ में मूल तीन ऋग्वेदीय ऋचाओं (1.50.11–13) को प्रकाशित नहीं किया गया है।'' ऋग्वेदीय सूर्य–सविता की सम्पूर्ण ऋचाएँ ''सूर्य विद्या'' में हैं।।ऊँ।।

सूर्य से कायाकल्प की गोपनविद्या : तृच भास्कर

सूर्यविद्या की गोपन रहस्यमयी तांत्रिक क्रिया से मानवीय कायाकल्प शताब्दियों से चर्चाका विषय रही। नौ सौ वर्ष पहले की अरुण संहिता की दुलर्भ पाण्डुलिपिवाले स्वर्गीय पण्डित हवेलीराम जोशी जम्मूसे श्रीनगर जाते पर्वतों के मध्य स्वामीजीके आश्रम में ठहरते रहे। एकदिन स्वामीजी ने श्री हेवलीराम जोशी से कहा कि वे एक माह आश्रम में रहें और सांझ ढलते ही एक लोटा दूध निर्धारित स्थान पर रख दें।

स्वामीजी ने आश्रम के अन्दर एक गहरा गड्ढा खुदवाया हुआ था। उस गड्ढे को गाय के गोबर से लीपाया। उसमें जानेका एक छोटाद्वार रखा। स्वामीजी नीचे एक माह तक साधना करना चाहते थे और समापन पर यज्ञ होना था। स्वामीजी ने स्पष्ट कहा कि यदि दो दिन तक गड्ढे के बाहर रखा दूध अनछुआ रहे तो उनके शरीर को खोदकर निकाला जाये। पण्डित हवेलीराम जोशी ने स्वयं के रूकने में असमर्थता जतायी, पर एक सेवक दूध रखने तैनात किया। मासान्त से पहले पण्डित जोशी हवन सामग्री लेकर आश्रम पहुँचे। तीसवें दिन गड्ढे के द्वारको तोड़कर अट्ठारह वर्ष का तरूण बाहर निकला। उसका रंग हल्का रक्तिम था। श्री जोशी ने उससे प्रश्न किया कि स्वामीजी कहाँ है ? उसने उत्तर दिया कि वे ही स्वामीजी हैं। श्री जोशी आश्चर्य में डूब गए। यज्ञ समापनके बाद श्री जोशी ने स्वामीजी से कायाकल्प की गुप्त से गुप्त विद्या की शिक्षा–दीक्षा की प्रार्थना की। स्वामीजी ने सहज ही कहा कि वे हिमालयमें जा रहे हैं, लौटने पर कायाकल्प का रहस्य सिखायेंगे। एक माह प्रतीक्षा करें। यह विचित्र है कि पण्डित जोशी ने

महिनों–महिनों प्रतीक्षा की परन्तु स्वामीजी हिमालयी हिमनदों में जाकर अदृश्य हुए।

अरुण संहिता में सन दो हजार चौदह में कांग्रेस के पतन की भविष्यवाणी लिखी थी। महामहोपाध्याय गोपीनाथ कविराजने ज्ञानगंज, रहस्यम सिद्धभूमि तथा सूर्यविज्ञान आदिमें सन्यासी द्वारा काष्ठ के धूणे में सर्प को भूनने और कायाकल्प का वर्णन किया है। सन्यासी ने वृद्ध शरीर को सर्प की केंचुली की भांति उतारकर युवॉ शरीर प्राप्त किया। बिशप चालर्स डब्लू. लीडबीटर ने "मास्टर्स पथ" में सोलह सौ वर्षीय कुथमीबाबा का उल्लेख किया है। सूर्यविज्ञानविद् स्वामी विशुद्धानन्द परमहंस के अनुसार हिमालय के हिमनदों के बीच दिव्य ज्ञानगंज आश्रम के प्रमुख महातपा सोलह सौ वर्षीय रहे। ब्रह्मविद्यासमाज की "गुप्तब्रह्मविद्यासंहिता में रहस्योद्‌घाटन किया गया कि आचार्य शंकर (श्रीमद्‌आदिशंकराचार्य 2600 वर्षों से) जीवित कैलास में साधनारत हैं।" महासाधक श्री राम ठाकुर ने भी हजारों वर्षों के साधना तपस्यारत साधुओं ऋषियों का उल्लेख किया है। यह हजारों वर्ष की आयु और कायाकल्पका अन्तर्सम्बन्ध क्या है ? हठयोगी नाथ साधुओं के नागा वर्ग के चिर युवॉ शरीर का रहस्य क्या है ?

इसका ही विस्तार दक्षिण भारत के अट्ठारहवीं सदि के राजघराने के प्रधानमंत्री श्री भास्कर राय ने किया। हुआ यह कि रियासत के प्रधानमंत्री भास्कार राय असाध्य रोगों से ग्रसित हुए। श्री भास्कर राय ने रोगके उपचार के लिए देश भर की यात्रा की। तन्त्रशास्त्रके ज्ञाता श्री भास्करराय को ऋग्वेद के प्रथममण्डल के तीन मंत्रों के साथ मित्रवत सूर्योपासना को कहा गया। सन् 1708 यानी तीन सौ पन्द्रह वर्ष पूर्व सूर्य के तीन मंत्रों के साथ अनुष्ठानसे श्री भास्कर राय का कायाकल्प हुआ। सन् 1982 अड़तीस वर्ष पहले महाराजा सायाजीराव विश्वविद्यालय, बडौदा के प्राच्यविद्या संस्थान के श्री आर.जी. साठे ने इस अद्‌भुत तृच भास्कर की तांत्रिक पाण्डुलिपिका सम्पादन किया (श्री साठे के निधन के बाद श्री जे.पी.ठकोर ने कार्य को अन्तिम रूप दिया)। तृच भास्कर में ब्रह्मपुराण, कूर्मपुराण, कालिकापुराण, ब्रह्मयामलतन्त्र, तंत्रसार, ज्ञानार्णव, कर्मप्रदीप, बौधायन कात्यायन आर्षग्रन्थ, सूर्यकवचन्यास, पुरुषसूक्त (ऋग्वेद), रुद्रयामल, प्रपंचसार, मातृका, योगिनीहृदय, सूर्यगायत्री, पिंगलसूत्र, सर्वानुक्रमणिका, सूक्ष्ममातृकाध्यानम्, सवितागायत्री, यन्त्रसार, शंकरविजय, दक्षिणामूर्तिसंहिता, मन्त्रमहोदधि, सौत्रामणितन्त्र, जैमिनीसूत्र, मेरूतन्त्र आदि की पद्धत्ति से सूर्य उपासनाका नव इतिहास रचा। तृच भास्कर में लम्बी अनुष्ठानिक प्रक्रियाका विवरण है। इसका "सूर्ययन्त्र" बहुत ही दुर्लभ है।

आचार्य डॉ. श्याम शर्मा के अनुसार तृच भास्कार का ध्यान एवं आह्वान बहुत विशेष है। सूर्ययन्त्र लेखन का ध्यान एवं आह्वान भी विशेष स्वीकारा गया है। सूर्ययन्त्र लेखनकी विधि भी चकित करती है। सूर्य से कायाकल्प में ऋग्वेदके तीन मन्त्र, ध्यान, आह्वान एवं सूर्ययन्त्र की नाभकीय भूमिका है (तीनों प्रस्तुत हैं।)।

तृच भास्करानुसार ऋग्वेद में सूर्य से कायाकल्प के सिद्ध मन्त्र

ऋग्वेद 1.50.11,12,13

उद्यन्नद्य मित्रमह आरोहन्नुत्तरां दिवम्।
हृद् रोगं मम सूर्य हरिमाणं च नाशय ।। ऋग्वेद 1.50.11।।

(मित्रमह) हम स्तोता मित्रों द्वारा पूज्य अथवा हम मित्रों को सुख स्वास्थ्य, धनैश्वर्य आदि प्रदान द्वारा सत्कृत करने वाले (सूर्य) सबके प्रेरक देव! (अद्य) आज (उत्तरां दिवं) उत्कृष्टतर द्युलोक में {उद्यन्} उदय होता हुआ {आरोहन्} आरोहण करते हुए आप (मम) मेरे (हृद् रोगं) हृदय रोग को और (हरिमाणं) शारीरिक कान्ति को हरने वाले बाह्य रोग को अथवा शरीरगत हरित वर्ण रोग को (नाशय) नष्ट करें।

मित्रमहः–यो मित्राणि पूजयति सः तत्सम्बुद्धौ।
मित्राणां महः पूज्यः, मित्रमनुकूलं महस्तेजो यस्यासौ,
यः मित्रैः पूज्यते सः।
महान्ति मित्राणि यस्य तत्सम्बुद्धौ।।
हरिमाणम्–हरणशीलं यद्वा शरीरगतं हरिद्वर्णं कामला रोगं।

इस मन्त्र में सूर्य से हृदय रोग तथा कामला रोग को नष्ट करने की प्रार्थना की गई है। वह इन रोगों को उदय होकर जब आकाश में ऊर्ध्व को चढ़ता दृष्टि–गोचर होता है तथा दूर करता है। परन्तु एक शर्त है कि उसे मित्र बनाना पड़ेगा या हम उसके मित्र बनें तभी सूर्य द्वारा रोग निवारण सम्भव है।

शुकेषु मे हरिमाणम् रोपणाकासुदध्मसि।
अथो हारिद्रवेषु मे हरिमाणं निदध्मसि।।
।।ऋग्वेद 1.50.12।।

(मे हरिमाणम्) अपना हरिमा वर्ण (शुकेषु) तोतों में तथा (रोपणाकासु) मैनाओं में (दध्मसि) रखते हैं, क्योंकि हरिमा इनके अनुकूल है। (अथो) और (हारिद्रवेषु) हरिताल वृक्षों में मेरी अपनी हरिमा को (निदध्मसि) धारण कराते

हैं। अर्थात् यह हरिमा वहाँ सुखपूर्वक रहे हमें वाधित न करे। दध्मसि–'इदन्तो मसि' इति मस इकारागमः।

उदगादयमादित्यो विश्वेन सहसा सह।

द्विषन्तं मह्यं रन्धयन्मो अहं द्विषते रधम्।। ऋग्वेद 1.50.13।।

(अयं आदित्य) यह अदिति पुत्र सूर्य (विश्वेन) सम्पूर्ण (सहसा सह) बल के साथ (उदगत्) उदय हुआ है। क्या करता हुआ? (मह्यं द्विषन्तं) मेरे रोगादि शत्रुओं (रन्ध्यन्) हिंसित करता हुआ। अर्थात मेरे सभी प्रकार के रोगों को सूर्यदेव विनष्ट कर रहे हैं। मैं (अहं) (द्विषते) अपने शत्रु के लिये (मा उ रधम्) नष्ट न होऊँ। इस मन्त्र का संदेश यह है कि रोगी को यह दृढ विश्वास होना चाहिये कि सूर्य देव ही मेरे सब रोगादि शत्रुओं को नष्ट करेंगे। अतः मैं अन्य कोई काष्ठादि औषधी न लेकर सूर्य चिकित्सा ही करूंगा। रन्धयन्–रध् हिंसा संराद्ध्योः ण्यन्तात् लटः शतृ नुमागमः पा.६।१।६१ मो– मा उ । मो अहं – ओत्। १।१।१५ इति प्रगृह्यत्वे। रधम्–रधेर्लु ङि पुषादित्वात् च्लेः अङादेशः रधिजभो नुम् अनिदिताम्' इति अनुषंगलोपः न माङ्योगे अडभावः।।ऊँ।।



सन् 1708 का सूर्य यंत्र

सन १७०८ का चमत्कारी दिव्य सूर्य यन्त्र

आग्नेयमक्षरं रं रक्षायै यन्त्रबाह्यतः ।।
हृदयाख्या दिगीशार्णास्तत्तद्दिश्यष्ट बाह्यतः ।। ते च
लं रं हं षं वं यं सं शं इति मेण ।।
दिक्पालबीजानां यन्त्राहृदयम् इति संज्ञा ।।
कर्मभेदात् भूतार्णाः च लेख्याः।। ते तु यथा।
शान्तौ आकाशवर्णाः लृ लॄ अं ङ ञ ण न म श ह ।।
उच्चाटनमारणयो। वायुवर्णा अ आ ए क च क च ट त प य ष।।
रक्षायामग्निवर्णाः इ ई ऐ ख छ ठ थ फ र क्ष ।।
वश्ये आरोग्ये च आप्यवर्णाः ॠ ॠ औ घ झ ढ ध भ व स।।
स्तम्भने पार्थिववर्णाः उ ऊ ओ ग ज ड द ब ल लृ ।।
।। अथवा भावनैव लेखः।।
।। इति श्रीतृचभास्करग्रन्थान्तोक्तयन्त्रसामान्यविध्यनुसारं सौरयन्त्रस्य प्रतीकम्।।

तृच भास्कर : श्री भास्कर राय, सन 1708
कर्मकांड विधि ग्रन्थ के महत्वपूर्ण अंश
अथ ध्यायेत्

पद्मासनः पद्मकरः पद्मगर्भसमद्युतिः।
सप्ताश्वरथसंयुक्तो ध्यातव्यो द्विभुजो रविः।।
यद्वा
अरुणाग्रेसरं हेमद्युतिकुण्डलभूषितम्।
तेजोराशि श्रिया युक्तं तप्तकांचनसन्निभम्।।
किरीटिनं पद्मनेत्रं पद्मरागविभूषितम्।
सिन्दूरारुणमीशानं वामार्धदयितं रविम्।।
पाशाङ्कुशधरं देव साक्षसूत्रेकमण्डलुम।
प्रसन्नवदनं शान्तं चिन्तयेत्कमलासनम्।।
अथवा
अष्टबाहुं द्विषट्काक्षं पद्मस्थ रविमण्डले।

हृत्पद्मस्थमुदारांग स्मरेच्चन्द्रग्रहैर्युतम्।।
वेदवेदांगशारीरो दिव्यदीप्तिकरः परः।
रक्षोघ्नो रक्तवर्णश्च रक्तसंहारिताकृतिः।।
एकचक्ररथो यस्य दिव्यः कनकभूषणः।
स मे भवतु सुप्रीतः पद्महस्तो दिवाकरः।।
अथवा
उदयगिरिमुपेतं भास्करं पद्महस्तम् निखिलभुवननेत्रं रक्तरत्नोपमेयम्।
तिमिरकरिमृगेन्द्रं मोदकं पद्मिनीनाम् सुखकरमभिवन्दे सुन्दरं विश्वरूपम्।।
यद्वा
सशंखचक्रं रविमण्डले स्थितम् कुशेशयाक्रान्तमनन्तमच्युतम्।
भजामि बुद्ध्या तपनीयमूर्तिम् सुरोत्तमं चित्रविभूषणोज्ज्वलम्।।
अथवा
ध्येयः सदा सवितृमण्डलमध्यवर्ती नारायणः सरसिजासनसन्निविष्टः।
केयूरवान् मकरकुण्डलवान् किरीटी हारी हिरण्मयवपुर्धृतशंखचक्रः।।
यद्धा
नमः सवित्रे जगदेकचक्षुषे जगत्प्रसूतिस्थितिनाशहेतवे।
त्रयीमयाय त्रिगुणात्मधारिणे विरिंचिनारायणशंकरात्मने।।

केचित् तु, ध्यानात्पूर्वमेवावरणदेवताः पूज्या इत्युक्त्वाऽऽवरणानि लिखन्ति। तत्र पूज्या इति पदस्य ध्यातव्या इत्यर्थः। प्रधानपूजोत्तरमावरणपूजेति सर्वतन्त्रसिद्धान्तात्। अत एव ध्यानाव्यवहितोत्तरमावरणपूजोक्तिरपि ध्यानाभिप्रायेणैव नेया। ये तु, आवाहनोत्तरं देवस्यांगन्यासस्ततो ध्यानं ततः षण्मुद्राप्रदर्शनं च लिखन्ति तेषां भ्रम एव। अत्र ध्याने विरोधिनां रूपाणां विकल्पः। अविरोधे तु नानाशाखाऽऽम्नातायां ब्रह्मविद्यायामिव गुणोपसंहारः। उपसंहृतगुणं तु रविध्यानं प्रयोगसमये वक्ष्यामः।

।। अथ ध्यानम्।।

रक्ताम्भोधिस्थपोतोल्लसदरूणसरोजाधिरूढा कराब्जैः।
पाशं कोदण्डमिक्षूद्भवमणिगुणमप्यङ्कुशं पंचबाणान्।
बिभ्राणाऽसृक्कपालं त्रिनयनलसिता पीनवक्षोरुहाढ्या।
देवी बालार्कवर्णा भवतु सुखकारी प्राणशक्तिः परा नः।।

इति ध्यात्वा पंचोपचारैर्मनसाऽभ्यर्च्य। हृदि शिरसि वा हस्तं निधाय त्रिः सकृद्वा मन्त्रं पठेत्।

''आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हों ऊँ क्षं सं हं सः–ह्रीं ऊँ हं सः (२०) मम प्राणा इह प्राणाः।
(२०) मम जीव इह स्थितः।
(२०) मम सर्वेन्द्रियाणि।
(२०) मम वाङ्मनश्चक्षुःश्रोत्रजिव्हाघ्राणप्राणा इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा–ऊँ क्षं सं हं सः ह्रीं ऊँ।

।। इत्यावाहनम्।।

ततः स्वदेहे मातृकान्यासं देवतादेहे पूर्ववत् पुरुषसूक्तन्यासं च कृत्वा, अकृत्वा वा, आसनमर्घ्योदकेन प्रोक्ष्य।
''ऊँ कालात्मा सर्वभूतात्मा वेदात्मा विश्वतोमुखः। यस्मादग्निस्वरूपस्त्वं ततः पाहि दिवाकर।।''
श्रीसूर्यायासनं समर्पयामि नमः। इति मण्डलस्योत्तरतो दद्यात्।।२।।
अर्घ्यादिकं सर्वं विशेषार्घ्योदकेन प्रोक्ष्य।
ऊँ एहि सूर्य सहस्त्रांशो तेजोराशे जगत्पते। अनुकम्पय मां भक्त्या गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तुते।।
श्रीसूर्यायार्घ्य समर्पयामि नमः। इति पद्मे देवशिरसि वा गन्धपुष्पाक्षतयवकुशाग्रतिलसर्षपदूर्वासहितजलरूपमर्घ्यं दद्यात्।।३।।
ऊँ उदुत्यं जातवेदसं देवं वहन्ति केवतः। दृशे विश्वाय सूर्यम्।।
श्रीसूर्याय पाद्यं समर्पयामि नमः। इत्यासनमण्डलयोर्मध्ये पद्मे वा दूर्वाश्यामाककमलविष्णुक्रान्तासहितं केवलं वा सलिलं पाद्यं दद्यात्।।४।।
''ऊँ अप त्ये तायवो यथा नक्षत्रा यन्त्यक्तुभिः। सूराय विश्वचक्षसे।।''
श्रीसूर्याय आचमनं समर्पयामि नमः। इति पद्मे जातीलवंगकंकोलमिश्रितेन कपूरादिवासितेन जलेन अचामनं दद्यात्।।५।।
ऊँ श्रीसूर्याय मधुपर्कं समर्पयामि नमः। इ
ति मधुपर्कमाचमनं च पद्मे दत्त्वा।
सुगन्धितैललेपनं, पिष्टातकादिभिर्निर्णेजनं च अमन्त्रकं, दुग्धादिपंचगव्येन, पंचामृतैश्च तत्तन्मन्त्रैः स्नपनं च कारियित्वा,
ऊँ अदृश्रमस्य केतवो विरश्मयो जनामनु। भ्राजन्तो अग्नयो यथा।।
श्रीसूर्याय स्नानं समर्पयामि इति कस्तूरीगोरोचनाकुङ्कुमादिमिश्रितजलं मण्डले केसरे विसृजेत।।६।।
वस्त्राणि द्विषन्तं मह्यं. रधं हुं अस्त्राय फट्।

इति विशेषार्घ्योदकेन प्रोक्ष्य। वं इति धेनुमुद्रया अमृतीकृत्य, बृहस्पतिदेवताकेभ्यो वस्त्रेभ्यो नमः, इति अक्षतादिभिर्वस्त्राणि सम्पूज्य।
ॐ तरणिर्विश्वदर्शतो ज्योतिष्कृदसि सूर्य।
विश्वमाभासि रोचनम्।
सूर्याय वस्त्रं समर्पयामि नमः।
इति पद्मस्य बहिर्भागे द्वारादौ वस्त्राणि निवेदयेत्।।७।।
उपवीतमर्घ्योदकेन प्रोक्ष्य अमृतीकृत्य ब्रह्मदैवत्यायोपवीताय नमः इति पूजयित्वा वस्त्रस्थाने
ॐ प्रत्यङ्देवानां विशः प्रत्यङ् उदेषि मानुषान्।
प्रत्यङ् विश्वं स्वर्दृशे।
श्रीसूर्यायोपवीतं समर्पयामि नमः। इति दद्यात्।।८।।
आभरणानि पूर्ववत् प्रोक्ष्याऽमृतीकृत्य विष्णुदैवत्येभ्यो मुकुटाद्याभरणेभ्यो नमः इत्यभ्यर्च्य ॐ श्रीसूर्यायाभरणानि समर्पयामि नमः इति समर्पयेत्।।९।।
गन्धानपि पूर्ववत् विष्णुदैवत्येभ्यो नमः इत्यभ्यर्च्य
ॐ येना पावक चक्षसा भुरयण्न्तं जनाँअनु
तं वरुण पश्यसि।
श्रीसूर्याय गन्धान् समर्पयामि नमः इति गन्धान् पद्मे दद्यात्।।१०।।
आघ्रातकभिन्नानि पुष्पाणि पूर्ववदमृतीकरणान्ते वनस्पतिदैवत्येभ्य नमः इति पूजयित्वा।
ॐ वि द्यामेषि रजस्पृथ्वहा मिमानो अक्तुभिः।
पश्यन् जन्मानि सूर्य।
श्रीसूर्याय पुष्पाणि समर्पयामि। इत्यनधोमुखानि पुष्पाणि पद्मे दद्यात्।।११।। ।।इति।।।ॐ।।

महासिद्ध आचार्य भास्कराय भारती दीक्षित : सिर झुकाते प्रतिमा नष्ट

डॉ. श्याम शर्मा काव्यतीर्थ

प्राचीनकाल से ही ऋषि महर्षियों द्वारा भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान के प्रचार की समृद्ध परम्परा रही है। इसका अर्थ यह है कि ज्ञान का जनोन्मुखी स्वरूप रहा। इसी परम्परा में अनेक आचार्यों एवं विद्वानों का आविर्भाव हुआ।

यह मान्यता है कि आचार्यशंकर (श्रीमदआदिशंकराचार्य) के जम्बूद्वीप भारतवर्ष में कार्यों का अनुसरण आचार्य भास्करराय भारती दीक्षित ने किया। उन्होंने भारतीय वैदिक संस्कृति–धर्म और उपासना सम्प्रदाय का पुननिर्माण एवं परिष्कार किया।

आचार्य भास्करराय के पिता श्री गम्भीरराय दीक्षित कर्नाटक प्रान्त के वीजापुर राज्य के यवनराज के सचिव रहे। यह सुप्रसिद्ध है कि यवनराज के आग्रह पर श्री गम्भीरराय ने महाभारत आदि प्रमुख आर्षग्रन्थों का रूपान्तरण ''यवन भाषा'' में किया। इसी उपलक्ष्य में उनका उपनाम ''भारती'' पड़ा। यह वृत्तान्त छन्द कौस्तुभग्रन्थ में वर्णित है।

श्री गम्भीरराय के पूर्वज विश्वामित्र गोत्रीय एकनाथ रहे, उनकी पत्नी का नाम कोणाम्बिका था। उनके प्रथम पुत्र नारायण हुए। नारायण अधिक प्रतिभाशाली नहीं थे। अनाम सिद्धाचार्य के आदेश पर दम्पत्ति ने मेधावी वंशज के लिए भुवनभास्कर की कठोर आराधना की। फलस्वरूप पुत्र पैदा हुआ, उनका नाम ''भास्कर'' रखा गया। श्री भास्करराय ने अनेक स्थानों पर जाकर अनेक गुरुओं से शास्त्रों एवं उपासना, कर्मकाण्ड आदि का अध्ययन किया। वे तीर्थाटन के लिए वाराणसी भी गए। वहाँ वेद अध्ययन के निमित्त यज्ञोपवीत संस्कार हुआ। वीजापुर लौटने पर श्री नृसिंह आचार्य से भी शास्त्र, वेद, कर्मकाण्ड आदि का अध्ययन किया। सतगुरु श्री स्वामी शास्ति ने भी श्री भास्काराय को शास्त्रों का गुह्यरहस्य समझाया। मात्र सोलह वर्ष की उम्र में श्री भास्करराय सभी शास्त्रों में निष्णांत हो गये और उनका विवाह हुआ।

गुजरात में तीर्थाटन के समय वे उपासक श्रेष्ठ श्री शिवदत्त शुक्ल के सम्पर्क में आये। उन्होंने शास्त्रार्थ में अनेक विद्वानों को पराजित कर अपनी विजय की पताका फहराई। कुछ समय बाद वे भद्रावती के नगर भालकी पधारे। वहाँ के राजा चन्द्रसेन जाघव किसी यवन की विद्या से वशीकृत थे। उन्होंने श्री आचार्य भास्कारराय दीक्षित भारती से मुक्ति दिलवाने की प्रार्थना की। आचार्य ने इस कार्य को सम्पन्न किया। परिणामतः राजा ने उनसे दीक्षा ली। प्रकारान्तर में उनके पिता श्री गम्भीरराय का निधन हुआ। वे इस समाचार को सुनकर कर्नाटक लौटे। उन्होंने अपने पिता का संस्कार विधिविधान से किया। उसके उपरान्त वे जगद्‌गुरु शंकराचार्य के दक्षिण आम्नाय के श्रृंगेरी मठ, श्रृंगेरी, चिकमंगलूर गए। आचार्य भास्करराय श्रृंगेरी मठ में शंकराचार्य पुरुषोत्तम भारती महाराज के सम्पर्क में आये। उन्होंने बडौदा, सूरत, द्वारका, अयोध्या, मथुरा, काशी, कामारव्या, काश्मीर, उज्जयिनी, हरिद्वार, श्रीबद्रीनाथ,

श्रीकेदारनाथ, श्रीपशुपतिनाथ (नेपाल) आदि में अनेक शिष्य बनाकर वैदिक संस्कृति–धर्मशास्त्रों का प्रचार किया।

इसी दौरान आचार्य भास्करराय दीक्षित भारती सुप्रसिद्ध उपासक आचार्य घनश्याम शास्त्री के सम्पर्क में आये। यह माना जाता है कि वे तप, साधना से परमनिष्ठ हो गये। आचार्य भास्करराय किसी को भी सिर झुकाकर प्रणाम नहीं करते थे (यहाँ तक कि देवालय में भगवद् प्रतिमा के सामने भी सीधे खड़े रहते)। अतः उनहें दम्भी कहा जाने लगा। (वाराणसी में) श्री प्रकाशानन्द स्वामी के कमण्डलु को आचार्य भास्करराय ने सिर झुकाकर प्रणाम किया। जिससे वह कमण्डलु सैंकड़ों टुकड़ों में विभक्त हुआ। यह उनके सिर नहीं झुकाकर प्रणाम करने का रहस्य रहा।

आचार्य भास्करराय ने तीन दर्जन से अधिक ग्रन्थों की रचनाकर उपासना शास्त्र में नवकीर्तिमान स्थापित किया। इसी क्रम में तृच भास्कर का निर्माण किया। अन्तिम साक्ष्यों से माना जाता है कि आचार्य भास्करराय ने अनेक रोगों से ग्रस्त होने और रोगों के असाध्य होने पर सूर्योपासना की और स्वस्थ हुए। मूलतः तृच भास्कर प्रयोग प्रधान है। तृच भास्कर में वेदोक्त सूर्य आराधना का अन्तर्याग, वहिर्याग, अर्घ्य, न्यास एवं आवरण पूजा आदि का सविस्तार वर्णन किया गया है। यह सूर्योपासना का प्रयोग प्रधान दुर्लभ पद्धत्तिवाला विशिष्ट ग्रन्थ है। ।।ऊँ।।





सुदर्शनमहाचक्र



सूर्य यंत्र



वैदिक सविता देवता यंत्र

ऋग्वेद का मृत्युंजय सूक्तः
आरोग्यं भास्करादिच्छेत : अग्नि इन्द्र रूपी सूर्य

सृष्टि विज्ञान वेद में सूर्यदेवता को रोगों को दूर करनेवाला कहा गया है। ऋषियों ने इसी क्रम में "आरोग्यं भास्करादिच्छेत" (सूर्य से आरोग्य) कहा। ऋग्वेद में सूर्य से रोगमुक्ति के मन्त्र हैं और आरोग्यसूक्त है। ऋग्वेद में देवों के शास्ता रुद्र देवता एवं सूर्य, वरुण "महाभिषज्" (वैद्यनाथ) हैं।

आपामीवामप स्रिधमप सेधत दुर्मतिम्।
आदित्यासो युयोतना नो अंहसः।।ऋग्वेद 8.18.10।।

(हे दृढ़व्रती आदित्य आदि देवगणों! हमारे समस्त रोगों का निवारण करें। हमारी दुर्मति दूरकर पापों से मुक्त कीजिये।)

आदिदेव सूर्य की किरणों से शरीरगत विभिन्न रोगों से मुक्तिका विवरण आर्षग्रन्थों में मिलता है। सूर्यदेवताका ताप स्वेदमें वृद्धि करनेवाला, मेदका छेदन करनेवाला, बल एवं उत्साहवर्धक और सभीप्रकार के रोग विनाशक है। सूर्यदेवता दद्रु, विस्फोट, कुष्ठ, कामला, अतिसार, शूल, कफ, वात, पित्त (त्रिदोष) और सभी प्रकार के ज्वरों को दूर करनेवाले हैं। सूर्य किरण सेवन से सभी रोगों से मुक्ति होकर दीर्घायु हो सकते हैं।

सूर्यतापः स्वेदवहः सर्वरोगविनाशकः।
मेदच्छेदकरश्चैव बलोत्साहविवर्धनः।।
दद्रुविस्फोटकुष्टघ्नः कामलाशोथनाशकः।
ज्वरातिसारशूलानां हारको नात्र संशयः।।
कफपित्तोद्भवान् रोगान वातरोगांस्तथैव च।
तत्सेवनान्नरो जित्वा जीवेच्च शरदां शतम्।।

ऋग्वेद के मण्डल 10 का 137वाँ सूक्त आरोग्यसूक्त है। आरोग्यसूक्त में सात मन्त्रः अनुष्टुप् छन्द; भरद्वाज, कश्यप, गोतम, अत्रि, विश्वामित्र, जमदग्नि एवं वसिष्ठ ऋषि और विश्वदेव हैं (वेद मन्त्र के देवता उसका विषय स्पष्ट करते हैं।)।

उत देवा अवहिंत देवा उन्नयथा पुनः।
उतागश्चक्रुषं देवा देवा जीवयथा पुनः ।। 1 ।।
द्वाविमौ वातौ वात आ सिन्धोरा परावतः।
दक्षं ते अन्य आ वातु परान्यो वातु यद्रपः ।। 2 ।।

आ वात वाहि भेजमं वि वात वाहि यद्रपः।
त्वं हि विश्वभेषजो देवानां दूत ईयसे ।। 3 ।।
आ त्वागमं शान्तातिभिरथो अरिष्टतातिभिः।
दक्षं ते भद्रमाभार्षं परा यक्ष्मं सुवामि ते ।। 4 ।।
त्रायन्तामिह भूदेवास्त्रायतां मरूतां गणः।
त्रायन्तां विश्वा भूतानि यथायमरपा असत ।। 5 ।।
आप इद्वा उ भेषजीरापो अभीवचातनीः।
आपः सर्वस्य भेषतजीस्तास्ते कृण्यन्तु भेषजम् ।। 6 ।।
हस्ताभ्यां दशशाखाभ्यां जिह्वा वाचः पुरोगवी।
आनामयित्नुभ्यां त्वा ताभ्या त्वोप स्पृशामसि ।। 7 ।।
।।ऋग्वेद 10.137.1–7।।

द्रष्टा मुनि आकाशमार्ग से संचार करता है और सर्व रूपों को पदार्थमात्र को स्वतेजसे प्रकाशित करता है। वह सब देवों के मित्रभूत होकर सत्कृत्यों के लिए ही स्थापित होता है। अथवा हे देवो ! हे देवो ! आप निश्चयपूर्वक नीचे गिरे हुए को ऊपर उठाएँ। हे देवो! आप पापकरनेवालों को भी पुनः जीवित करें।।1।। ये दो वायु हैं। पहला वायु समुद्र से आनेवाले है और दूसरा वायु दूर भूमिपर से आनेवाला है। एक वायु आपमें बल ले आये और दूसरी वायु दोष दूर करे। एक सरलार्थ यह है कि ये दो वायु–एक समुद्र पर्यन्त और दूसरा समुद्र से भी दूरके भागतक जोर से बहते हैं। उन दोनों में से एक, हे स्तोता, आपको बल प्रदान करे और दूसरा तेरे पापको उड़ाकर ले जाये–नष्ट करे।।2।।

हे वायु ! आप व्याधि का उपशमन करनेवाली हितकारी ओषधि ले आयें। हे वायु ! जो अहितकर, पाप–मल है, उसे नष्टकर, ले जा। आप ही जगतके ओषधरूप–हितकारक ऐसा देवों का दूत होकर सतत जाते हैं। हे वायु ! ओषध यहाँ ले आयें। हे वायु! जो दोष है, वह दूर करें। हे समूची ओषधियाँ साथ रखनेवाले वायु ! आप निःसंदेह देवों के दूत सरीखा होकर चलते हो, प्रवाहित होते हो, जाते हो।।3।।

आपके लिए मैं सुख शान्ति कर और अहिंसा कर रक्षणों के साथ आया हूँ। मैंने आपके लिए कल्याणकारी सुखदायक बल भी प्राप्त किया है। आपके रोग को मैं इस समय दूर करता हूं। अथवा देवों इस रोगी की रक्षा करें। हे मरूतों के समूह ! रक्षा करें। परिणामतः रोगी का रोग निवारण हो ।।4।। इस लोक में समस्त देव हमारी रक्षा करें, समस्त प्राणिमात्र की रक्षा करें। जिसके फलस्वरूप हमारा शरीर रोग एवं पाप से मुक्त हो। आप

अविनाशी साधन सम्पन्न एवं शान्ति फैलानेवाले हैं। आपके लिए प्रचण्ड बल भर देते हैं। जिससे रोगों को दूर भगा सकें।।5।। यह हाथ भाग्यवान है। यह हाथ ओषधियों से युक्त है। यह हाथ शुभ स्पर्श देनेवाला है। इसका दूसरा अर्थ है कि जल ही ओषध है। स्नान और पान आदि से ओषधिरूप में रोग उपशमन करते हैं। जल ही रोगों का नाश करनेवाला है। उपशमनकर्ता है। जल ही सबोंके हित करनेवाला ओषधिरूप है। वे आपके लिए रोगनाशक हों।।6।। दश उंगुलियों वाले प्रजापति के दोनों हाथों से निर्माण हुई जिह्वा वाणी को आगेकर शब्द करती है। उन आरोग्य हाथों से हम आपको आगे प्रेरणा देनेवाली मेरी जीभ है। उन निरोग करनेवाले दोनों हाथों से आपको हम स्पर्श करते हैं।।7।।

येन सूर्य ज्योतिषा बाध से तमो जगच्च विश्वमुदियर्षि भानुना।।
तेनास्मद्विश्वामनिरामनाहुतिमपामीवापम दुष्ष्वप्न्यं सुव।।
।।सौर्योऽभितपाः। सूर्यः। ऋग्वेद 10.37.4।।

हे सूर्यदेवता! आप जिस तेज से अन्धकार दूर करते हो, जिस तीव्रतम प्रकाश किरणों से समस्त संसार को प्रकाशित करते हो, उसी तेजसे आप हमसे समस्त रोग, व्याधि, अन्न जल के अभाव, अधार्मिकता, दुःस्वप्न आदि के दुःखों को दूर करने की कृपा करें। ऋग्वेद के दशम मण्डल के 161 सूक्त, 163 सूक्त, 164 सूक्त आदि असाध्य रोगों के विनाशकारक हैं। इनमें इन्द्र एवं अग्नि (दोनों के ही स्वरूप) सभी रोगों के शमन और मृत्युंजय होनेका उद्घोष करते हैं।

मुंचामि त्वा हविषा जीवनाय कमज्ञातयक्ष्मादुत राजयक्ष्मात्।
ग्राहिर्जग्राह यदि वैतदेनं तस्या इन्द्राग्नी प्र मुमुक्तमेनम् ।। 1।।
यदि क्षितायुर्यदि वा परेतो यदि मृत्योरन्तिकं नीत एव।
तमा हरामि निर्ऋतेरूपस्थादस्पार्षमेनं शतशारदाय ।। 2।।
।।ऋग्वेद 10.161.1–2।।

हे रोगी! यज्ञके हविर्द्रव्यसे आपको, जिस रोग का पता नहीं चलता और राजयक्ष्मासे भी सुखदायक जीवनके लिए छुड़ाता हूँ। यदि इस समय इस रोगी को कोई पापग्रहने जकड़ लिया है, उस रोगसे भी इस रोगीको अग्नि एवं इन्द्र छुड़ावें। यदि रोगी की आयु क्षीण हो गई हो, यदि वह इस लोक से चला गया है और मृत्यु के पास गया हुआ है, तो भी उसको मैं "मृत्यु–देवता निर्ऋति के पास से लौटा ला सकता हूँ," उसको सौ वर्ष के जीवनके लिए प्रबल करूंगा।

सूर्यदेवता को ''कश्यप'' भी कहा गया है। ऋग्वेद के अन्तिम मण्डलका 163 सूक्त विवृहा काश्यप का अनुष्टुप् छन्द में है। इसमें कहा हैः ''हे रोगी! मैं आपकी आंखों में से, नासिकाओंसे, कानोंसे, ठोढ़ीसे, जीभसे, सिरसे, मस्तिष्क आदि से रोग दूर करता हूँ। हे रोगी ! आपकी गर्दनकी नाड़ियोंसे, ऊपर स्नायुसे, हड्डियोंसे, संधिभागसे, कंधोंसे, अन्तर्भागसे एवं बाहुओंसे रोग दूर करता हूँ।

अक्षीभ्यां ते नासिकाभ्यां कर्णाभ्यां छुबुकादधि।
यक्ष्मं शीर्षण्यं मस्तिष्कज्जिह्वाया वि वृहामि ते।। 1।।
ग्रीवाभ्यस्त उष्णिहाभ्यः कीकसाभ्यो अनूक्यात्।
यक्ष्मं दोषण्य 1 मंसाभ्या बाहुभ्यां वि वृहामि ते ।। 2।।
।।ऋग्वेद 10.163.1–2।।

ऋग्वेद के अन्तिम मण्डल के 175 वें सूक्त गायत्री छन्द में है (उर्ध्वग्रावा, सर्प आबुर्दि) उसमें कहा हैः ''हे सोम निकालनेवाले पत्थरों (सवितादेव के लिए)! दुःखकारिणी प्रजाको हमसे दूर करो। सुखदायक ओषधि के तुल्य गायों को हमें प्रदान करें। इस मन्त्र में गोमाता को ओषधका पर्याय कहा है।''

ग्रावाणो अप दुच्छुनामप सेघत दुर्मतिम्।
उस्राः कर्तन भेजषजम्।।ऋग्वेद 10.175.2।।

प्रथम ऋग्वेद का अनुसरण करते हुए अथर्ववेद में 23 मन्त्रों का आरोग्य सूक्त है। यह स्मरण रहे कि ऋग्वेद के अलग–अलग मण्डलों में सूर्यदेवता से आरोग्यका वर्णन का संजाल या प्रतीक जाल अथवा इन्द्रजाल मिलता है। उनमें आखरी मण्डल के सूक्त में मृत्यु निर्ऋति से पुनः जीवन अर्थात मृत्युन्जय रूप स्वयंमें अभूतपूर्व है। ऋग्वेद में असाध्य रोगों के विनाशके मन्त्रों का अनुशीलन आवश्यक है (इन दिव्य मन्त्रों में से तीन को आधार बनाकर आचार्य भास्कररायने कायाकल्प किया था।)। ।।ऊँ।।

दुर्लभ सूर्यस्तोत्र
हृदयादि रोग नाशक स्तोत्र
सूर्यद्वादशार्याः

श्रीगणेशाय नमः।
उद्यन्नद्य विवस्वानारोहन्नुत्तरां दिवं देवः।

हृद्रोगं मम सूर्यो हरिमाणं चाशु नाशयतु।।१।।
निमिषार्धेनैकेन द्वे च शते द्वे सहस्त्रे द्वे।
क्रममाणयोजनानां नमोऽस्तु ते नलिननाथाय।।२।।
कर्मज्ञानदशकं मनश्च जवी इति विश्वसर्गाः।
य द्वादशधा यो विचरति स द्वादशमूर्तिरस्तु मोदाय।।३।।
त्वं यजुर्ऋक्सामरूचं त्वमागमस्त्वं वषट्कारः।
त्वं विश्वं त्वं हंसस्त्वं भानो परमहंसश्च।।४।।
शिवरूपाद् ज्ञानमहं त्वत्तो मुक्तिं जनार्दनाकारात्।
शिखिरूपादैश्वर्यं भवतश्चारोग्यमिच्छामि।।५।।
त्वं चिद्दोषाद्दृशि दोषाद्हृदि दोषा ये खिलेन्द्रियदोषाः।
तान्पूषा हतदोषाः किंचिद्दोषाग्निना दहतु।।६।।
तिमिरमिव नेत्रतिमिरं पटलमिवाशेषरोगपटलं नः।
काचमिवाधिनिकोचं कालपितारोगशून्यतां कुरूतात्।।७।।
धर्मार्थकाममोक्षप्रतिरोधिनं उग्रतापवेगकरान्।
बन्दीकृतेन्द्रियगणान् गदान् विखण्डयतु चंडाशुः।।८।।
येन विनान्धतिमिरं यस्मिन् विलसति जगच्च धृतबोधम्।
तं नलिनीभर्तारं हर्तारं चापदामीडे।।६।।
यस्य सहस्त्राभीषो भीषुलेशो हिमांशु (?) बिम्बगतः।
भासयति नक्तमखिलं कालयतु विपद्गणानरूण्ः।।१०।।
वाताश्मरीगदार्शत्वग्दोषमहोदरप्रमेहांश्च।
ग्रहणीभगंदराख्यान् महारूजोपि त्वमेवाहंसि।।११।।
त्वं माता त्वं शरणं त्वं धाता त्वं धनं त्वमाचार्यः।
त्वं त्राता त्वं हर्ता विपदामर्क प्रसीद सपदि मयि।।१२।।
इत्यार्याद्वादशकं साम्बस्य पुरो नभस्तलात्पतितम्।
पठनाद् भाग्यसमृद्धिः समस्तरोगक्षयश्च स्यात्।।१३।।
इति द्वादशार्याः।
ओं तत्सत् श्री सूर्यनारायणपरब्रह्मार्पणमस्तु।
लिखितमांध्रदेशीयेन नृसिंहेण, दत्तम् गुरुभ्यः गंगाधरशर्मभ्यः।
श्री कृष्णार्पणमस्तु।। (स.भ.मै.ला., वाराणसी, पा.क्र.सं. २०११५)

सूर्यनवार्याः

श्रीगणेशाय नमः।
घृणयामृतसुरगणया जगतः कृत्स्नं तमो हरतः।
मामकतमसो हरणे तरणे कस्ते श्रमो वास्ते।।१।।
णिरितिप्रत्ययविहितस्यार्थस्याधारभावमापन्नः।
जगतां कर्मसु यस्तं मिहिर त्वां कर्मसाक्षिणं वन्दे।।२।।
सूते तव करिनिकरो वृष्टिं धाराभिरोषधीर्भूमौ।
ताभिः सकलजनौघान् ता (?) सौष्ठेन देवता (?) पाहि।।३।।
रिपुमपि किरणसमूहं यस्मादि (?) गुरोर्दिगन्तविश्रान्तः।
सततं जगदभिवन्द्यं भानो त्वां कर्मसाक्षिणं वन्दे।।४।।
यद्यपि तव करनिकरः कुवलयविमतोपि कुवलयप्रियकृत्।
चित्रं तव हि चरित्रं मित्रं वन्दे जगत्पवित्रं त्वाम्।।५।।
आगमनिगमस्मृतयः शिवकमलाधीशपावकाकारम्।
तेजस्तावकमाहुर्द्वादशमूर्तिं समाश्रयेत (?) त्वाम्।।६।।
दिनकर तव करयोगायोगाभ्यां व्यसनमुदयनं चापि।
ग्रहपतिरलभत यस्मात्तस्मात्त्वां चित्रभानुमीळेहम्।।७।।
त्यक्तसमस्तरुजानां मनुजानां त्वत्प्रसादेन।
मुक्तिज्ञानैश्वर्यप्रापणहेतुस्त्वमेवासि।।८।।
ओमिति वचनं शरणं वदतां शैवादिषण्मतस्थानाम्।
सवितुः श्रुतिगणसारस्त्वत्तो भिन्ना न देवतेत्युक्ता।।९।।
आर्यानवसावित्रीः प्रातर्मध्यंदिने तथा सांयम्।
पठताम् सकलजनानामीप्सितसिद्धिं रविः कुरुते।।१०।।
मनुजरूजाह्वतिशक्ताः सवितुर्मन्त्राक्षतैर्भक्ताः।
भाति नवार्यायुक्ताः प्रीत्या श्रीसर्वमंगलायोक्ताः।।११।।
इति सूर्यनवार्याः।
ओं तत्सत् श्रीसूर्यनारायणपरब्रह्मार्पणमस्तु।
लिखितमांध्रदेशीयेन नृसिंहेण, दत्तम् गुरुभ्यः गंगाधरशर्मभ्यः।
श्री कृष्णार्पणमस्तु।। (स.भ.मै.ला., वाराणसी, पा.क्र.सं. २०११५)
यह स्तोत्र सभी अभिष्ट सिद्धि प्रदाता है।

सूर्यार्यास्तोत्रम्

श्रीगणेशाय नमः।
श्री सूर्यार्याप्रारम्भः।
कायिकं वाचिकं पापं मानसं वा मया कृतम्।
तस्य सर्वस्य श्रुध्यर्थं सूर्यस्यार्याः पठाम्यहम्।।१।।
ॐ यस्योदयास्तसमये सुरमुकुटनिघृष्टचरणकमलोऽपि।
कुरुतेऽजलिं त्रिनेत्रः स जयति धाम्ना निधिः सूर्यः।।१।।
उदयाचलतिलकाय प्रणतोऽस्मि विवस्वते ग्रहेशाय।
अम्बरचूडामणये दिग्वनिताकर्णपूराय।।२।।
जयति जनानन्दकरः करनिकरनिरस्ततिमिरसंघातः।
लोकालोकालोकः कमलारूणमण्डलः सूर्यः।।३।।
उद्बोधितकमलवनः कृतघटनश्चक्रवाकमिथुनानाम्।
दर्शितसमस्तभुवनः परहितनिरतो रविर्जयति।।४।।
अपनयति सकलकलिमलपटलममलप्रतप्तकनकाभः।
अरविन्दवृन्दविघटनपटुतरकिरणोत्करः सविता।।५।।
स्फुरितचलचारूचामरहरिखुरपरिवृतरेणुकृतरागः।
हरितहयनिकरभास्करगगनांगणदीपक नमस्ते।।६।।
उदितवति त्वयि विकसति मुकुलीयति समस्तमस्तमितबिम्बे।
नह्यन्यस्मिन्दिनकर सकलं कमलायते भुवनम्।।७।।
जयति रविरुदयसमये बालातपः कनकसन्निभो यस्य।
कुसुमांजलिरिव जलधौ तरन्ति रथसप्तयः सप्त।।८।।
शुकतुण्डच्छविः सवितुश्चण्डरुचः पुण्डरीकवनबन्धोः।
मण्डलमुदितं वन्दे कुण्डलमाखण्डलाशायाः।।९।।
आर्याः सप्त सदा यस्तु सप्तम्यां सप्तधा पठेत्।
तस्य देहं च गेहं च पद्मा सत्यं न मुंचति।।१०।।
कण्ड्वादिसर्वपीडानां नाशनं परमं महत्।
निधिरेष दरिद्राणां रोगिणां परमौषधम्।।११।।
सिद्धीः परमकार्याणां गाथेयं संस्तुता रवेः।
साम्बस्यानुग्रहार्थाय पतिता रविमण्डलात्।।१२।।
उद्धृत्य सर्वलोकैस्तु लोकोपकृतिहेतवे।।१३।।
इति श्रीबृहस्पतिकृतसूर्यार्याः समाप्ताः।

श्री सूर्यार्पणमस्तु।।

(यह बृहस्पति देव कृत सूर्यार्या–स्तोत्र सर्वपीडा, रोग, दारिद्रय नाशक है) (स. भ.मै.ला., वाराणसी, पा.क्र.सं. १६२२४)

सूर्यनारायणस्तोत्रम्

श्रीगणेशाय नमः।

सप्ताश्वरथमारूढो अरुणो सारथि सह (?)।
श्वेतरूपधरं देवं त्वं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।।१।।
गंधसंपुष्पसंकाशं हारकुण्डलभूषितम्।
एकचक्ररथं देवं त्वं सूर्य प्रणमाम्यहम्।।२।।
त्वं देवेश्वरः श्रीकृष्णः ब्रह्माविष्णुपुरन्दरः।
परं ब्रह्म परं धाम त्वं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।।३।।
त्वं देव लोककर्ता च कीर्तिकारणशंकरः।
तेजरूपधरं देवं त्वं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।।४।।
त्वं पृथिव्याप्तेजे (?) च वायुराकाशमेव च।
सर्वज्ञं श्रीजगन्नाथं त्वं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।।५।।
अखण्डमण्डलाकारं जराजितविवर्जितम्।
"गगनलिंगमाराध्यं" त्वं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।।६।।
निर्मलं निर्विकल्पं च निर्विकारो निरामयम्।
जगत्कर्ता जगद्धाता त्वं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।।७।।
सूर्यस्तोत्रं पठेन्नित्यं ग्रहपीडाविनाशनम्।
धनधान्यमनोवांछाश्रियं प्राप्तोति निः संशयः।।८।।
शिवरात्रिसहस्त्रेषु कृत्वा जागरणं भवेत्।
गयायां च कुरूक्षेत्रे तत् फलं रविवासरे।।९।।
यत् त्वां कांचनं मेरुसप्तद्वीपावसुंधरः (?)।
तत्पुण्यं तत्फलं सर्वत्र फलं रविवासरे।।१०।।
अमृतस्य रसं पीत्वा सोमनाथं तथैव च।
केदारमुदकं पीत्वा तत् फलं रविवासरे।।११।।
गयायां पिण्डदानेन पितृणां च समुद्धरेत्।
दृष्ट्वा जोगश्वरं देवं तत् फलं रविवासरे।।१२।।
एकादशिसहस्त्राणि वाजपेयशतानि च।
कन्याकोटिसहस्त्राणि तत्फलं रविवासरे।।१३।।

इति सूर्यनारायणस्तोत्रं सम्पूर्णम्।।
(रविवार को इस स्तोत्र का पाठ तत्काल फलदायक है । इसमें सूर्य को गगनलिंग कहा है।)
(स.भ.मै.ला., वाराणसी, पा.क्र.सं. १६१११)

सूर्याष्टकम्

श्रीगणेशाय नमः।
श्री सूर्याय नमः।
यस्य सूर्य महातेजो लिंगमाकाशगामिनम्।
इन्द्राद्या देवताः सर्वे त्रैलोक्यं सचराचरम्।।१।।
अश्वारूढो महाबाहो अरुणो यस्य सारथिः।
य त्रिभवनं (?) देवं च निष्प्रपंचं निरामयम्।।२।।
अव्यक्तं कारणं चैव कलौकष् (?) दिवाकरम्।
त्वं ज्ञानं त्वं शिवं देवं त्वं च ब्रह्मा प्रजापतिः।।३।।
त्वं च त्रैलोक्यमुक्तिं च उदयन्तं दिवाकरम्।
दारिद्र्यदुः स्वहर्ता च मोक्षदं च वरप्रदम्।।४।।
भुक्तिं मुक्तिं च दातारं सवितारं दिवाकरम्।
कामात्मान् (?) सर्वसम्पूर्णं सर्वसौभाग्यवर्द्धनम्।।५।।
आरोग्यं च भवेन्नित्यं सर्वधर्मविवासुरे (?)।
पुत्रार्थी लभते पुत्रं धनार्थी लभते धनम्।।६।।
मोक्षार्थी लभते मोक्षं कामार्थी लभते सुखम्।
ये स्मरन्ति नरा नित्यं प्रातः काले विशेष्यते।।७।।
ग्रहपीडा (?) न पीड्यन्ते लोशनाशं (?) सुखियो भवेत।
दुःखार्थी मुच्यते दुःखम् सर्वसिद्धिर्न संशयः।।८।।
इति श्रीसूर्याष्टकम् सम्पूर्णम्।।
श्रीरस्तु रामचन्द्राय नमः।
(यह स्तोत्र सवार्थ सिद्धिप्रद एवं ग्रहपीड़ा हरता है।) (स.भ.मै.ला., वाराणसी, पा.क्र.सं. २०५१८)

सौरसंहिता (स्कान्दे)

ऊँ ऊँ नमोऽहं पदार्थाय पराहंतास्वरूपिणे (?)।
भास्कराय समस्तस्य भवाय भयहारिणे।।१।।
नमः साम्बस्य शेवयि (?) सर्वविज्ञानदायिने।
स्वशक्तिरचिते (?) दंताहंतारूपाय साक्षिणे।।२।।
समस्तजगदुत्पत्तिश्क्षितिनाशैकहेतवे।
रुद्रविष्णुविरिंच्यादिस्वरूपाय नमो नमः।।३।।
प्रणम्य साम्बमीशानं सर्वदेवनमस्कृतम्।
पुराणं सम्प्रवक्ष्यामि जगतामभिवृद्धये।।४।।
इति सौरसंहिता प्रारम्भा।। (स.भ.मै.ला., वाराणसी, पा.क्र.सं. १४५१५)

सूर्यष्टकम्

श्रीगणेशाय नमः।
ओं आदित्यः पूज्यते नित्यं उदयं च दिने दिने।
ऋणपापक्षयं यान्ति प्रभाते सूर्यदर्शनणम्।।१।।
अहं ब्रह्मा अहं विष्णुः अहं रुद्रः शिवालयः।
उदयं सहितो देवः प्रभाते सूर्यदर्शणम्।।२।।
कार्तिकां च समुत्पन्नं भीमा पंचदिनानि च।
सतगौपिसहस्त्रेषु प्रभाते सूर्यदर्शणम्।।३।।
प्रयागे च माघस्नानं मेरुकांचनं दीयते।
केदारे उदकं पीत्वा प्रभाते सूर्यदर्शणम्।।४।।
एकादशीसहस्त्रेषु कन्याकोटिशतानि च।
सर्वतीर्थविशेषेन प्रभाते सूर्यदर्शणम्।।५।।
गयापिण्डप्रदानेन फाल्गुनतीर्थेषु यत्फलम्।
पुष्करक्षेत्रे पन्थे च प्रभाते सूर्यदर्शणम्।।६।।
एकभक्तिरथा नित्यं कर्तव्यं रविवाशरे।
तस्य दुःखं न दारिद्र्यं प्रभाते सूर्यदर्शणम्।।७।।
सूर्यांष्टं पठेनि (त्रि) त्यं सर्वपापैः प्रमुच्यते।
धनपुत्रफलं दारा लभते नात्र संशयः।।८।।
राजद्वारे पथे घोरे संग्रामे शत्रुसंकटे।
व्याघ्रचौरभयं नास्ति त्वं सूर्य प्रणमाम्यहम्।।९।।
सूर्याष्टं पठेनि (त्रि) त्यं सर्वपापैः प्रमुच्यते।

ते नरा ज्योतिमां लोके या (?) देव निरंजनम्।।१०।।
इति श्रीशंकराचार्यविरचितं सूर्याष्टकं समाप्तम्।
।।शुभं भूयात्।। (अ. भा.सं.प.ला., लखनऊ, पा.क्र.सं. २१७)

सूर्यकवचम्

श्रीगणेशाय नमः।
यो सौवज्रधनो देव आदित्यानां प्रभुर्मतः।
सहस्त्रनयनश्चेन्द्रो ग्रहपीडां व्यपोहतु।।१।।
मुखं यः सर्वदेवानां सप्तार्चिरमृतद्युतिम्।
चन्द्रोपरागसम्भूतां ग्रहपीडां व्यपोहतु।।२।।
यः कर्मसाक्षीलोकानां धर्मो महिषवाहनः।
यमश्चन्द्रोपरागोत्थां ग्रहपीडां व्यपोहतु।।३।।
रक्षोगणाधिपः साक्षी नीलांजनसमप्रभः।
खङ्गहस्तोऽपि भीदश्च ग्रहपीडां व्यपोहतु।।४।।
नागपाशधरो देवः सदामकरवाहनः।
चन्द्रोपरागकलुषं व्रणो मे व्यपोहतु।।५।।
प्राणरूपो हि लोकानां सदाकृष्णमृगप्रियः।
वायुश्चन्द्रोपरागोत्थां ग्रहपीडां व्यपोहतु।।६।।
यो सौ निधिपतिर्देवः खङ्ग्शूलगदाधरः।
चन्द्रोपरागदुरितं धनदो मे व्यपोहतु।।७।।
यो सविदुधरो (?) देवः पिनाकी वृषवाहनः।
चन्द्रोपरागपापानि निवारयतु शंकरः।।८।।
त्रैलोक्ये यानि भूतानि स्थावराणि चराणि च।
ब्रह्माविष्ण्वर्करुद्राश्च दहन्तु मम पातकम्।।९।।
एवमावाहयेत् कुंभानमन्त्रैरेभिश्च वारणैः (?)।
एतानेव तथा मन्त्रान् स्वर्णविलेखयेत (?) ताम्रभाः।।१०।।
इति।। (अ.भा.सं.प.ला., लखनऊ, पा.क्र.सं. ७६१)

द्वादशादित्यस्तोत्रम्

मौनिस्वान्ताब्जभानुः परमचिदयनं
विघ्नशैलौघभेदक्रीडादम्भोलिधुर्यस्वचरणयुगलो दन्तिवक्त्रो गणेशः।
पाशं हस्तैश्चतुर्भिः सृणिमभयवरौ संदधानोऽष्टमूर्तेः पाकोऽस्माकं हृदब्जे निवसतु ससतं विघ्नराडेकदन्तः।।
सूर्योऽस्माकं हृदब्जे विलसतु नितरां सूर्यनारायणोऽसौ च्छायादेव्या समेतः सकलबुधजनैः सेव्यमानः प्रभाते।
लोकानन्दं वितन्वन्सरसिजनिलयानाथवासास्पदं यो भक्तानां
शोकमोहव्यसनगदहरः सप्तसप्तिर्बुधेशः।।१।।
पायान्मामेकचक्रे हरितहरिवरैः सप्तभिर्भोगिरश्मिस्यूतास्यैः प्रोह्यमाने
ह्यरुणकरकशाप्रेरितैः स्यन्दनेन्तः।
रत्नाब्जस्थश्चतुर्दोर्धृतकमलयुगाभीतिमुद्रावराळं संचिन्त्यो
मण्डलान्तर्द्रुतकनकनिभः कालचक्रप्रणेता।।२।।
मित्रं विश्वस्यमित्रं प्रणमदभयदं प्राणिनां प्राणभूतं रत्नाम्भोजनासनस्थं
कमलयुगधरं स्वर्णवर्णं सुरेशम्।
तेजोवृन्दं दिनेशं दुरितशमकरं सच्चिदानन्दकन्दं देवं नित्यं
प्रपद्येऽभयवरदकरं सर्वहृत्तापशान्त्यै।।३।।
देवं देदीप्यमानं रविमखिलगुरुं सर्वलोकप्रदीपं सन्तापघ्नं नतानां तिमिरकुलमहादन्तिसंहारसिंहम्।
ब्रह्मानन्दैकसिन्धुं सुरनरखगगोप्राणिरूपं परेशं वन्दे कारुण्यराशिं विमलतरमहाज्ञानसिद्ध्यै सदाहम्।।४।।
सूर्य सूर्यालिह्यद्यं निरतिशयमहादिव्यतेजोज्वलन्तं तत्त्वातीतं तुरीयं प्रणवमुखमहामन्त्रयन्त्रस्वरूपम्।
कालातीतं स्वमात्रं कमलभवमुखैः सन्द्रदेवैः सदेड्यं भक्तानां सर्वकालं शरणदचरणद्वन्द्वमीडे विमुक्त्यै।।५।।
भानुं भानुत्रभिन्नाखिलहिमनिवहं स्वात्ममात्रे रमन्तं देवानामादिदेवं चिदमृतजलधिं निस्तरंगं सुपूर्णम्।
लोकानामादिहेतुं जनिलयरहितं भक्तरक्षाधुरीणं सर्वज्ञं सर्वशक्ति विभुमहमनिशं भावये मोहशान्त्यै।।६।।

प्रातर्गन्तव्यमृक्तो यजुषि दिवसतो मध्यतस्तस्थिवांसं सायाह्ने सामतोमुं खगपतिमहितं वेदवेदान्तवेद्यम्।
सेवे त्रेताग्निरूपं त्रिदशपरिषदां हव्यदं भूर्भवः स्वर्लोकानां स्वात्मभूतं श्रुतिषु समुदितं ज्ञानहेतोः पवित्रम्।।७।।
वृष्टिं सृष्ट्वा स्वकीयैर्झटिति बहुतरं घृष्टिभिर्विष्टपानां अन्नं प्राणं बलं यत्तप इति च सुविज्ञानतः स्वात्मसौख्यम्।
पुष्णन्तं लोकबन्धुं मनसि सुकलये पूषणं भूषणं स्वः पद्मान्युद्बोधयन्तं मुनिहृदयगृहं स्वात्मसौख्यानुभूत्यै।।८।।
भूतानामग्रजातं सुरवरमभयं स्वर्णगर्भं सुसूक्ष्मं सूत्रात्मानं प्रपंचे पर्यसि धृतमिव व्याप्तमन्तर्बहिश्च।
एकं नित्यं विशुद्धं विमलतरमहाज्ञानगम्य मुनीन्द्रैर्विश्वाधिष्ठानभूतं हृदयसरसिजे चिन्तये चित्प्रसूत्यै।।६।।
बुद्धं मुक्तं मरीचिं बहिरिव भजतामान्तराण्यब्जवृन्दान्यातन्वानं
विबुद्धान्यघहरणचणैश्छान्दसैरुस्त्रवृन्दैः।
तेजोबिम्बान्तरस्थं पुरुषमतिदयापूर्णकर्णान्तनेत्रं ध्यायाम्यस्यांघ्रिभक्त्यै सततममृतदं दिव्यकल्याणमूर्तिम्।।१०।।
सावित्राष्टार्णमन्त्रप्रकटितविभवं ह्यादिजं विश्वसृष्टेरादित्यं
रश्मिमालाकवचितवपुषं योगियोगैकलभ्यम्।
आधिव्याधिप्रणुन्नाखिलजनभिषजं सर्वलोकैकचक्षुः
संज्ञाच्छायाप्रियाभ्यामनिशमनुसृतं संश्रये रुक्प्रशान्त्यै।।११।।
देवो यः प्रेरयेन्नः सततमिह धियो मौनिहृद्वेद्यभूमा वेदान्तानां सुसारं सवितुरनुपमं तस्य देवस्य यद्वै।
कल्याणानां निदानं सुमहतिमहसां मण्डले सन्निषण्णं ध्यायेम ह्यात्मविद्याविवरणविषये चिन्महस्तद्वरेण्यम्।।१२।।
अर्कं हित्त्वान्यतर्कं स्वमनसि विबुधैश्चिन्त्मयमानस्वरूपं सत्राजिन्नामभाजे स्वचरणयुगलध्यानशीलाय राज्ञे।
योऽष्टौ भारान्वमन्तं मणिवरमदिश्सद्भर्मणां स्वात्मभासां घस्त्रे घस्त्रे महान्तं पुरुषसमुचितान्प्राप्तुमर्थान्भजेऽहम्।।१३।।
स्तोष्येऽहं भास्कराख्यं विमलतरमहासंविदेकायनं यः चाक्षुष्मत्या प्रतुष्टो निजपदमदिशत्सांकृतेर्विद्ययर्षेः।
दैवं तं विप्रमुख्यास्त्रिषवणमुदकैर्वेधमर्घ्यं क्षिपन्तो ध्यायन्तः प्राप्तभद्रा विमलधिषणया स्युः स्वरूपोपलब्ध्यै।।१४।।

इति द्वादशादित्यस्तोत्रम्।। (श्री वेंकटेश्वर ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट की शोधपत्रिका, त्र्५,१ से)

आदित्यस्तोत्ररत्रम्

विस्तारायामनानं दशभिरूपगतो योजनानां सहस्त्रैः।
चक्रे पंचारनाभित्रितयवति लसन्नेमिषट्के निविष्ट।
सप्तच्छन्दस्तुरंगाहितवहनधुरो हायनांशत्रिवर्गव्यक्त्या।
क्लृप्ताखिलांगः स्फुरतु मम पुरः स्यन्दश्चण्डभानोः।।१।।
आदित्यैरप्सरोभिर्मुनिभिरहिवरैर्ग्रामणीयातुधानैः।
गन्धर्वैर्वालखिल्यैः परिवृतदशमांशस्य कृत्स्नं रथस्य।
मध्यं व्याप्याधितिष्ठन्मणिरिव नभसो मण्डलश्चण्डरश्मेः।
ब्रह्मज्योतिर्विवर्तः श्रुतिनिकरघनीभावरूपः समिन्धे।।२।।
निर्गच्छन्तोऽर्कबिम्बान्निखिलजनिमतां हार्दनाडीः प्रविष्टाः।
नाड्यो वस्वादिबृन्दारकगणमधुनःतस्य नानादिगुत्थाः।
वर्षन्तस्तोयमुष्णं तुहिनमपि जलान्यापिबन्तः समन्तात्।
पित्रादीनां स्वधौषध्यमृतरसकृतो भान्ति कान्तिप्ररोहाः।।३।।
श्रेष्ठास्तेषो सहस्त्रे त्रिदिववसुधयोः पंचदिग्व्याप्तिभाजां।
शुभ्रांशुं तारकौघं शशितनयमुखान्पंच चोद्भासयन्तः।
आरोगभ्राजमुख्यास्त्रिभुवनदहने सप्त सूर्या भवन्तः।
सर्वान्व्याधीन्सुषुम्नप्रभृतय इह मे सूर्यपादाः क्षिपन्तु।।४।।
आदित्यानाश्रिताः षण्णवतिगुणसहस्त्रान्विता रश्मयोऽन्ये।
मासे मासे विभक्तास्त्रिभुवनभवनं पावयन्तः स्फुरन्ति।
येषां भुव्यप्रचारे जगदवनकृतां सप्तरम्युत्थितानां।
संसर्पे चाधिमासे व्रतयजनमुखाः सत्क्रिया न क्रियन्ते।।५।।
आदित्य मण्डलान्तः स्फुरदरुणवपुस्तेजमा व्याप्तिविश्वं।
प्रातर्मध्याह्नसायंसमयविभजनादृग्यजुस्सामसेव्यम्।
प्राप्यं च प्रापकं च प्रथितमधिपथि ज्ञानिनामुत्तरस्मिन्।
साक्षाद्ब्रह्मेत्युपास्यं सकल भयहराभयुद्गमं संश्रयामि।।६।।
यच्छक्त्याधिष्ठितानां तपनहिमजलोत्सर्जनादिर्जग्त्या।
मादित्यानामशेषः प्रभवति नियतस्वस्वमासाधिकारः।
यः प्राधान्यं व्यनक्ति स्वयमपि भगवान्द्वादशस्तेषु भूत्वा।

तं त्रैलोक्यस्य मूलं प्रणमत परमं दैवतं सप्तसप्तिम्।।७।।
स्वः स्त्रीगन्धर्वयक्षा मुनिवरभुजगा यातुधानाश्र्च नित्यं।
नृत्तैर्गीतैरभीशुग्रहनुतिवहनैरग्रतः सेवया च।
यस्य प्रीतिं वितन्वन्त्यमितपरिकरा द्वादश द्वादशैते।
हृद्याभिर्वालखिल्याः सरणिभणितिभिस्तं भजे लोकबन्धुम्।।८।।
ब्रह्माण्डे यस्य जन्मोदितमुषसि परब्रह्ममुख्यात्मजस्य।
ध्येयं रूपं शिरोदोश्चरणपदजुषां व्याहृजीनां त्रयेण।
तत्सत्यं ब्रह्म पश्यान्यहरहमभिधं नित्यमादित्यरूपं।
भूतानां भूर्भवः स्वः प्रभृतिषु वसतां प्राणसूक्ष्मांशमेकम्।।९।।
आदित्ये लोकचक्षुष्यवहितमनसां योगिनां दृश्यमन्तः।
स्वच्छस्वर्णाभमूर्ति विदळितनळिनोदार दृश्याक्षियुग्मम्।
ऋग्सामोद्गानगेयं निरतिशयलसल्लोककामेशभावं।
सर्वावद्योतितत्वादुदिति समुदितं ब्रह्म प्रपद्ये।।१०।।
ओमित्युद्गीथभक्तेरवयवपदवीं प्राप्तवत्यक्षरेऽस्मिन्।
यस्योपास्तिः समस्तं दुरितमपनयत्यर्कबिम्बे स्थितस्य।
यत्पूजैकप्रधानान्यघमखिलमपि घ्नन्ति कृच्छ्रव्रतानि।
ध्यातः सर्वोपतापान्हरतु परशिवः सोयमाद्यो भिषङ्भे।।११।।
आदित्ये मण्डलार्चिः पुरुषविभिदयाऽऽद्यन्तमध्यागमात्म।
न्यागोपालांगनाभ्यो नयनपथजुषा ज्योतिषा दीप्यमानम्।
गायत्रीमन्त्रसेव्यं निखिलजनधियां प्रेरकं चित्स्वरूपं।
नीलग्रीवं त्रिवेणं शिवमनिशमुमावल्लभं संश्रयामि।।१२।।
अब्दाकल्पः शतांगः स्थिरभणितिमयं मण्डलं रश्मिभेदाः।
साहस्त्रास्तेषु सप्तश्रुतिभिरभिनुताः किंचदूना च लक्षा।
एकैकेषां चतस्त्रस्तदनु दिनमणेरादिदेवस्य तिस्त्रः।
प्रोक्तास्तत्तत्प्रभावप्रकटनमहिताः स्रग्धरा द्वादशैताः।।१३।।
दुःस्वप्नं दुर्निमित्तं दुरितमखिलमप्यामयानप्यसाध्यान्।
दोषान्दुः स्थानसंस्थग्रहगणजनितान्दुष्टभूतग्रहादीन्।
निर्धूनोति स्थररांच श्रियमिह लभते मुक्तिमभ्येति चाग्रे।
संकीर्त्य स्तोत्ररत्रं सकृदपि मनुजः प्रत्यहं पत्युरह्नाम्।।१४।।
इति श्रीमद्प्पय्यदीक्षितेन्द्रविरचितमादित्यस्तोत्ररत्नं सम्पूर्णम्।।
(तंजोर सरस्वती महल लाइब्रेरी की शोधप्रत्रिका, १६, एक से)

शिवप्रोक्तं सूर्याष्टकम्

आदिदेव नमस्तुभ्यं प्रसीद मम भास्कर।
दिवाकर नमस्तुभ्यं प्रभाकर नमोऽस्तु ते।।
सप्ताश्वरथमारूढं प्रचण्डं कश्यपात्मजम्।
श्वेतपद्मधरं देवं तं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।।
लोहितं रथमारूढं सर्वलोकपितामहम्।
महापापहरं देवं तं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।।
त्रैगुण्यं च महाशूरं ब्रह्मविष्णुमहेश्वरम्।
महापापहरं देवं तं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।।
बृंहितं तेजःपुंजं च वायुमाकाशमेव च।
प्रभुं च सर्वलोकानां तं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।।
बन्धूकपुष्पसंकाशं हारकुण्डलभूषितम्।
एकचक्रधरं देवं तं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।।
तं सूर्यं जगत्कर्तारं महातेजः प्रदीपनम्।
महापापहरं देवं तं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।।
तं सूर्यं जगतां नाथं ज्ञानविज्ञानमोक्षदम्।
महापापहरं देवं तं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।।
सूर्याष्टकं ।।शिवप्रोक्तं सूर्याष्टकं समाप्तः।।
